खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 17°C
देहरादून, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00व
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राम को गाली देने वाले महर्षि वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं: योगी पेज 2



विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप पर कायम खेल टाइम्स



डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है सम्पादकीय



गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका पेज 12

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच तक स्नोफॉल, राजस्थान में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर





चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब- हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है।

# हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई।

खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी





**बस में करीब 35 लोग थे सवार**

गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है। और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### हरियाणा के IG वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी में मंगलवार को बड़ी घटना हुई है। यहां हरियाणा पुलिस के बड़े अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना सेक्टर-11 की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई. पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी. अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं।

### करूर भगदड़ की CBI से जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा के नेता उमा आनंदन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 10 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### ईडी के तकनीकी सहायता घोटाले में 15 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी तकनीकी सहायता घोटाले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। जांच में पाया गया कि इन जालसाजों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन इलाके में कई फर्जी कॉल सेंटर खोल रखे थे।

# SIR के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे।

**चुनाव आयोग नौ अक्टूबर तक जानकारी सौंपे**

चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### निठारी हत्याकांडः कोली की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निठारी हत्याकांड से संबंधित एक मामले के दोषी सुरेन्द्र कोली की क्यूरेटिव याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने खुली अदालत में संक्षिप्त सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। यह याचिका वर्ष 2005-2006 के उत्तर प्रदेश में नोएडा के निठारी में हुए सीरियल हत्याकांड से जुड़े हत्या और बलात्कार के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सुरेंद्र कोली ने दायर की थी।

### आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक 'आपत्तिजनक' वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है। उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि चुनाव के दौरान पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि अगर एक खास राजनीतिक दल सत्ता में नहीं आता है, तो एक खास समुदाय सत्ता संभाल लेगा। इस पर पीठ ने कहा कि इसमें (वीडियो) टोपी और दाढ़ी वाले लोग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।

### दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें। वहीं, सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

# रायबरेली में हुई इंसानियत की हत्या

## कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर मार डालने की घटना को इंसानियत की हत्या करार दिया है।



श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ़ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज़ कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है, और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफ़रत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोज़र ने ले ली है, और इंसाफ़ की जगह डर ने। मैं

**कहाः भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीबों को बनाया जा रहा निशाना**

हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय ज़रूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। श्री गांधी इस घटना की पहले भी कड़ी निंदा कर चुके हैं और वाल्मीकि जयंती पर उन्होंने दोबारा इसे इंसानियत की हत्या बता कर जता दिया है कि कांग्रेस पहले से ही दलितों पर अत्याचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान को और तेज करेगी।

## एआई की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से पक्षी टकराया

**चेन्नई।** एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है।

सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया,

**158 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित, एयरलाइन ने वापसी उड़ान रद्द की**

जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया। घटना के समय फ्लाइट में 158 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम

**पांच राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

### एनएचआरसी ने कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत मामले में जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिवों को कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की हुई मौत को लेकर एक नोटिस जारी किया है। आयोग ने यह कार्रवाई दवा सुरक्षा और नियामक निरीक्षण में हुई गंभीर खामियों के सामने आने की शिकायत के बाद की। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया।

# सुरक्षित व विश्वसनीय एआई के लिए 5 परियोजनाओं का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभाग इंडिया एआई ने 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' के दूसरे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा तैयार पांच परियोजनाओं का चयन किया है।

मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एआई प्रौद्योगिकियां जिस प्रकार से अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही हैं, उनका सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है। स्वदेशी शासन उपकरण, ढांचे और





दिशा-निर्देश विकसित करने के उद्देश्य से चुस्त और मजबूत तंत्र को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई ने 10 दिसम्बर 2024 को कई महत्वपूर्ण विषयों पर 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' स्तंभ के तहत रुचि की अभिव्यक्ति का दूसरा दौर शुरू किया था। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान संगठनों और नागरिक समाज से 400 से अधिक

**प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी**

प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की एक समिति का गठन किया गया। रुचि की अभिव्यक्ति के दूसरे दौर के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पांच परियोजनाओं का चयन किया गया है। डीपफेक का पता लगाने के लिए विकसित तीन टूल को इसमें जगह मिली है। इनमें एक परियोजना आईआईटी खड़गपुर की है। दूसरी परियोजना आईआईटी जोधपुर और आईआईटी मद्रास ने संयुक्त रूप से तैयार की है। तीसरी परियोजना आईआईटी मंडी और हिमाचल प्रदेश फॉरेंसिक सेवा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। 'डिजिटल फ्यूचर लैब' और 'कार्य' ने मिलकर कृषि एलएलएम के क्षेत्र में लैंगिक पक्षपात को कम करने के लिए एक टूल विकसित किया है। एक अन्य चयनित परियोजना आईआईटी धारवाड़ और ग्लोबल्स आईटीईएस प्राइवेट लिमिटेड की है, जिसमें एलएलएम और सृजनात्मक एआई की उपलब्धता और उसके आकलन के लिए टूल विकसित किया गया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से फिर शुरू होगी

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही और यह बुधवार आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उस दिन अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 34 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक तीन सदस्य वाली उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

### सितम्बर में बिके करीब तीन लाख यात्री वाहन

**नई दिल्ली।** देश में गत सितम्बर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले, पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही, वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितम्बर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके, जो पिछले साल सितम्बर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# सफाई कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं।

■ राम को गाली देने वाले वाल्मीकि भी अपमान करते हैं

### सपा शासन में महापुरुषों का हुआ अपमान: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्एक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को प्रश्नचिह्न के घेरे में रखने के साथ महर्षि व्यास को भी घेरे में रख दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी ने एयरपोर्ट का निर्माण नहीं किया। जब हम इसे बना रहे थे और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के समय में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपए भी नहीं मिल पाता था, लेकिन पीएम ने सबसे पहले कहा कि मैला सिर पर ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए।

# सिरप से बच्चों की मौत की न्यायिक जांच करे मप्र सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस संकट को भारी भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और कहा कि सिरप माफियागीरी के इस प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर बच्चे के इलाज में हुए खर्च की राशि परिवार को मिलनी चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिघार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में नंबर वन है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के 2023 में 22,393 मामले सामने आए हैं। चार साल में 59 हजार से ज्यादा बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत हुई है। कफ सिरप के कारण बच्चों को हो रही दिक्कत को लेकर छिंदवाड़ा के विधायक सोहन वाल्मीकि ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। कई बार मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखे मगर कोई नहीं जागा। सवाल है कि आखिर पत्र लिखने के बाद भी सरकार क्यों नहीं जागी। जब बच्चे मरने लगे और मामला ज्यादा बढ़ा, तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि एक छोटी सी बीमारी में भी टेस्ट कराया जाता है, तो प्रदेश में बच्चों की किडनी फेल होने की रिपोर्ट आती है। दवा कंपनी ने परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्र को जानबूझकर अपने कारोबार के लिए चुना है।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों को 171 करोड़ जारी

## पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में जमा होंगे: एलजी

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि यहां के लगभग 8.55 लाख पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 171 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल सिन्हा के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लगभग 8-55 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 171 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। यह अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता हमारे किसानों को अपनी आजीविका बनाए रखने और कृषि गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए तेज़ी से काम करने में मदद करेगी। हमारे किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं।

### गुलमर्ग में पहली बार पारा हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस मौसम में पहली बार सोमवार रात को पारा हिमांक बिदु से नीचे रहा। ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरे कश्मीर में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कश्मीर घाटी को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.0 डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर के मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और पिछले 24 घंटों में 37.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सपा-कांग्रेस के मुंह में राम, बगल में छुरी: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जातिवादी व्यवस्था के शिकार करोड़ों दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मिशनरी आंदोलन से जोड़कर आत्मसम्मान व स्वाभिमान की नई राह दिखाने वाले बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा से ही जातिवादी व पक्षपाती रहा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मायावती ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां समय-समय पर स्वार्थ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों का चरित्र 'मुंह में राम, बगल में छुरी' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। सपा ने न केवल कांशीराम जी के जीवनकाल में उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की, बल्कि बसपा सरकार द्वारा 2008 में कानपुर देहात को अलग मंडल बनाकर 'कांशीराम नगर' नाम देने के बाद भी उसे बदल दिया। इसके अलावा कांशीराम के नाम पर बनाए गए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व संस्थानों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। मायावती ने इसे 'घोर दलित विरोधी चाल और चेहरा' करार दिया। कांशीराम के निधन पर सपा की यूपी सरकार ने राज्य में शोक दिवस तक घोषित नहीं किया। इसी तरह उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां संकीर्ण राजनीति व वोट के स्वार्थ में कांशीराम को याद करती हैं।

### पीडीए का मतलब 'पीड़ित, दुखी, अपमानित': अखिलेश

**लखनऊ।** देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले को लेकर जारी बयानबाजी के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की है। कुछ लोगों के हाथ में जाकर तो जूता भी अपमानित महसूस करता है। यादव ने एक्स पर लिखा- पीडीए समाज का अपमान करने वाले ऐसे असभ्य लोग दरअसल अपने दंभ और अहंकार के मारे होते हैं। इनकी प्रभुत्ववादी सोच नफ़रत को जन्म देती है, जो देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए जितनी होती है, उतनी ही समाज के सबसे कमज़ोर अंतिम व्यक्ति के लिए भी। ऐसे लोग वर्चस्ववाद की बीमारी से घोर ग्रसित होते हैं। हम इसलिए कहते हैं, पीडीए का मतलब है 'पीड़ित, दुखी, अपमानित'। पीडीए समाज की उदारता और भलमनसाहत 5000 सालों से ऐसे लोगों को माफ़ करती आई है।



सेंसेक्स 81926.75
निफ्टी 25108.30



सोना रु. 123300
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 157400
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**



■ प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों का 23 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, बैंकिंग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा।

अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.01 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.78 फीसदी, इंफोसिस में 1.29, भारतीय स्टेट बैंक में 1.07 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,184 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,635 के शेयरों में गिरावट और 1,434 में तेजी रही। अन्य 115 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.01 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 फीसदी की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.02 प्रतिशत नीचे थे।

# 1.20 लाख रुपये के पार सोना, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,23,300 रुपये के स्तर को पार कर गया है। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में सोना 2,700 महंगा हुआ है। दिल्ली में सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,57,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्ञातव्य है कि करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए सोना खरीदते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,22,070 रुपये है, जबकि मुंबई में 1,22,020, चेन्नई में 1,22,180 , कोलकाता में 1,22,020 , लखनऊ में 1,22,070 , चंडीगढ़ में 1,22,070 और अहमदाबाद में 1,22,070 रुपये है। हालांकि ऊंची कीमतों के कारण ज्वैलरी खरीदारी थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन गोल्ड ईटीएफऔर डिजिटल गोल्ड में निवेश बढ़ रहा है।

# चावल-चीनी रहे मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक लजस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं चीनी में भी बढ़त देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,472 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.83 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,864.44 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव नौ रुपये घटकर 2,852.46 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी तीन रुपये गिर गई और यह 3,303.07 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 52 रुपये और मूंगफली तेल की 57 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। अन्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 88 रुपये और वनस्पति 85 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 33 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और मसूर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं तुअर दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई, जबकि चीनी में तीन रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार न लगने से निराश लौटे फरियादी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौट गए। इसके बावजूद सुबह से ही सर्किट हाउस के बाहर फरियादियों की भीड़ जमा होने लगी। फरियादियों को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री जनता दरबार में उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि प्रोटोकॉल के अनुसार जनता दरबार का आयोजन नहीं था, जिसके कारण फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी महासंघ की जिलाध्यक्ष भारती ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। उनकी मांग थी कि अन्य राज्यों की तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह में भी वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं।

बलिया से आए श्रीपति पांडेय ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री इस बार भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, इसलिए वे वाराणसी आए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण उनका पूरा परिवार परेशान है।

### योगी से मिलकर न्याय मांगेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के ससुर

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब परिवार से निकलकर सियासत के गलियारों तक पहुंचने की तैयारी में है। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बेटी के सम्मान और न्याय की मांग करेंगे। रामबाबू सिंह और उनकी पुत्री ज्योति सिंह देर-सबेर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। रामबाबू का कहना है कि वे एक पिता के रूप में बेटी के सम्मान और सुरक्षा की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी उनसे बात करने ही आई थी, लेकिन वह बातचीत नहीं की, उल्टा पुलिस को भेज दिया है। पुलिस पहुंच गई और बेटी को ले जाने लगी।

# गरब्यांग में टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ग्रामीण पर्यटन, सतत विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सीमावर्ती गांव गरब्यांग में एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया।



■ ग्रामीण पर्यटन व विकास को मिलेगा बढ़ावा: सेना

भारतीय सेना ने यहां एक बयान में मंगलवार को कहा कि इस सुविधा का उद्घाटन छह अक्टूबर को उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने किया। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाना है। गरब्यांग से दो पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग निकलते हैं, जिसमें पहला आदि कैलाश की ओर और दूसरा ओम पर्वत तथा कालापानी की ओर जाता है। इसका सामरिक एवं आध्यात्मिक महत्व इसे कुमाऊं के ऊंचे इलाकों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। ग्रामीणों ने इस उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत विकसित एवं ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्र संचालित इस होमस्टे से आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली का अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर मिलता है। होमस्टे की बुकिंग का प्रबंधन गरब्यांग ग्राम समिति द्वारा किया जाता है, जिनसे 9410734276, 7579811930, 9596752645 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। भोजन सहित प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि किराया 1,000 रुपए है। पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा भारतीय सेना कुमाऊं के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं चलाती है, जिसमें गांवों का विद्युतीकरण करना, हाइब्रिड सौर संयंत्र स्थापित करना, चिकित्सा शिविर आयोजित करना, पॉलीहाउस बनाना और आधारभूत ढांचे में सुधार लाना शामिल है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मिलावटखोरों पर शिकंजा : ऋषिकेश व भगवानपुर में पकड़े नकली उत्पाद

## ऋषिकेश में मिला नकली घी और मिल्क पाउडर की खेप

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग यानि एफडीए का सघन अभियान जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे भगवानपुर के बाले. की युसुफपुर गांव में एक वाहन को रोककर जांच की। वाहन में बिना गुणवत्ता प्रमाणीकरण और स्वास्थ्य मानकों के पनीर सप्लाई की जा रही थी। जांच में यह भी पाया गया कि उत्पादों पर किसी प्रकार का एफएसएसएआई मानक अंकन या लेबलिंग नहीं थी, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। टीम ने मौके पर ही उत्पादों को जब्त कर वाहन चालक और सप्लायर के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मामला दर्ज किया। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्र में नकली डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करने वाले गिरोहों पर विभाग की विशेष नजर है। आने वाले दिनों में लगातार कार्रवाई की जाएगी।

ऋषिकेश में भी खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। एक वाहन को रोककर जांच की गई, जिसमें 5 क्विंटल क्रीम, 35 किला. ग्राम घी और 50 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर सप्लाई करते हुए पाया गया। इन सभी उत्पादों के पास गुणवत्ता प्रमाण पत्र या अनुमोदन दस्तावेज नहीं थे। टीम ने मौके पर उत्पाद जब्त किए और नमूने जांच हेतु भेज दिए हैं। प्रारंभिक जांच में संभावना है कि ये उत्पाद अन्य राज्यों से अवैध रूप से लाए गए नकली उत्पाद हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



### देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों में विशेष निगरानी

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी स्वयं विभिन्न जिलों में चल रहे छापेमारी अभियानों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों के साथ चारधाम यात्रा मार्गों व पर्यटन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं, जो मावा, पनीर, घी और मिठाइयों के सैंपल एकत्र कर प्रयोगशालाओं में जांच हेतु भेज रही हैं। जांच में दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध तत्काल सीलिंग, लाइसेंस निरस्तीकरण और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

### उपभोक्ता हित में जीरो टॉलरेंस नीतिः सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनस्वास्थ्य और उपभोक्ता सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मिलावटखोरी के लिए कोई स्थान नहीं है। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर समझौता करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनता से भी अपील की है कि वे गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग करें, असत्यापित उत्पाद खरीदने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी विभाग को दें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहारी मौसम में उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार में बिक रहे मावा, पनीर, घी, दूध और मिठाइयों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी रखी जाए ताकि मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### त्योहारी सीजन में चौकन्ने रहें अधिकारीः डॉ. रावत

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित भोजन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य बल्कि समाज के समग्र विकास की नींव है। सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी रोकने के लिए विभाग को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे "त्योहारी सीजन में चौकन्ने रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

# उत्तराखण्ड में धार्मिक अस्तित्व पर संकटः कासमी

■ अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक के खिलाफ कोर्ट जा सकते है मुस्लिम संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में यूसीसी के बाद अब अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 लागू होने जा रहा है, जिसको लेकर सरकार इस विधेयक को अल्पसंखयकों के हित में कल्याणकारी बता रही हैं। वहीं, मुस्लिम समुदाय इस अधिनियम को उत्तराखण्ड में धार्मिक स्वतंत्रता और अस्तित्व पर संकट के तौर पर देख रही है।

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द और मुस्लिमों से जुड़ी संस्थाएं इस विधेयक के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कह रही हैं, जबकि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी इस अधिनियम को मुस्लिम समुदाय के विकास का बड़ा कदम बता रहे हैं, इसके अलावा कांग्रेस ने सरकार की मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं।

### अधिकारों से वंचित कर रही सरकारः नजमा

उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान का कहना है कि सरकार की ओर से लिए गए फैसले धार्मिक शिक्षा देने वाले संस्थानों के खिलाफ है। सरकार संवेधानिक अधिकारों से वंचित करने की साजिश रच रही है। इस संबंध में वकीलों,मुस्लिम समाज के बुद्धिजिवियों से मुलाकात की जाएगी। जरूरत पड़ने पर दारुल उलूम देवबंद से भी इस विषय में चर्चा की जाएगी। नजमा खान का कहना है कि सरकार लगातार मुसलमानों के दमन के लिए इस तरह के कानून ला रही है।

### मदरसे समावेशी शिक्षा पद्धति के साथ आगे बढ़ रहे थेः हरीश

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मदारसा बोर्ड की और से मदरसों का संचालन शिक्षा की समावेशिता की दिशा में एक सार्थक पहल थी। मदरसों में दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम अर्थात जो आधुनिक शिक्षा की व्यावहारिक पहलों में उनकी शिक्षा भी दी जाने लगी थी। मदरसे समावेशी शिक्षा पद्धति के साथ आगे बढ़ने लग गये थे। मदरसा बोर्ड आधुनिक शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए जो मदद करता था मदरसों की उससे शिक्षा में समावेशिता आ रही थी।

मैं चिंतित हूं, यह सरकार के मदरसा जिहाद का परिणाम क्या रहेगा? कितना यह कट्टरता को और बढ़ाने का काम करेगा? मैं उसको लेकर भी चिंतित हूं। कट्टरता किसी भी समाज, धर्म व देश के लिए घातक होती है।

### कानूनी राह पर चलेगी जमीअत

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द उत्तराखण्ड के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि मदरसों की स्थापना संविधान में दिये गये अधिकारों के तहत की गई है। धार्मिक शिक्षा के लिये संस्थाए स्थापित करना, प्रबंधन करना और धार्मिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना संवेधानिक अधिकार है, अगर नये अधिनियम में अधिकारों का हनन होगा तो कानूनी राह पर चला जाएगा।

### अब छात्रों का मिलेगी अधिकृत डिग्री

मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि अब मदरसा बोर्ड भी शिक्षा बोर्ड के तहत अधिकृत होगा। यहां से पढ़ने वाले छात्रों को एक अधिकृत डिग्री मिल पाएगी। साथ ही सभी मदरसे अब एक कानूनी बॉडी के तहत आएंगे, जिसकी वजह से इनको मान्यता मिलेगी।



### उपराष्ट्रपति से मुख्यमंत्री ने की भेंट

**नई दिल्ली/देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन्हें उपराष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अल्पसंख्यक कानून, समानता व सर्वकल्याण के भाव स्थापित करने में अहम : भट्ट

## कांग्रेसी अल्पसंख्यक परिभाषा में सिख, ईसाई, जैन धर्म का स्थान नहीं : भाजपा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने असंख्यक शिक्षा विधेयक की राजभवन से मंजूरी का स्वागत करते हुए अल्पसंख्यक समाज के सभी धर्मों से जुड़े लोगों को बधाईयां दी है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस संशोधन को अल्पसंख्यक समाज में समानता और सर्वकल्याण भाव स्थापित करने के लिए अहम बताया। वहीं हर मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग दोहराने वाली कांग्रेस से प्रश्न पूछा कि पहले वे स्पष्ट करें उनके नेता वर्तमान में जारी सीबीआई जांचों का विरोध करना कब बंद करेंगे?

पार्टी मुख्यालय में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने, राज्यपाल द्वारा अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक की मंजूरी का स्वागत किया है। उन्होंने महामहिम का आभार करते हुए कहा, विधानसभा द्वारा पास विधेयक को इस स्वीकृति के बाद कानून का स्वरूप मिला है। अल्पसंख्यक समुदाय में सिख, ईसाई, जैन, पारसी आदि अनेकों धर्म के लोग आते हैं उनके लिए समान व्यवस्था होनी चाहिए। हम प्रतिबद्ध हैं कि सब के लिए समान नागरिक व्यवस्था हो, सुविधा हो, कल्याणकारी योजनाएं हो। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सुधार, अल्पसंख्यकों के अंदर समानता के भाव निर्मित करेगा। उन्होंने कांग्रेस द्वारा लगाई जा रही आपत्तियों को उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति का परिणाम बताया। वहीं सवाल उठाया कि कांग्रेस बताए, उनकी नजर में अल्पसंख्यक समाज के अन्य धर्मों की अहमियत है या नहीं। उन्हें सिख, ईसाई, जैन समाज के प्रति भी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना चाहिए, क्या उनकी नजर में अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुस्लिम समाज है।

### कांग्रेस स्पष्ट करे, सीबीआई जांच के खिलाफ कब बोलना बंद करेंगे

कांग्रेस द्वारा मंदिर समिति के तथाकथित स्वर्णमंडन प्रकरण की सीबीआई जांच को बेबुनियाद बताते हुए तंज कसा कि कांग्रेस स्पष्ट करे, वह सीबीआई जांच के खिलाफ कब बोलना बंद करेंगे। क्योंकि उनके आला कमान समेत तमाम बड़े नेता हमेशा सीबीआई को पक्षपात और अन्याय करने वाली एजेंसी बताते हैं। जबकि इस पूरे मामले में स्वतंत्र संस्था श्री बद्री केदार मंदिर समिति द्वारा जांच की गई और रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया गड़बड़ी के सभी आरोप झूठे एवं बेबुनियाद हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी, हिन्दू धर्म की आस्था और केदार धाम के प्रति विश्वास को नुकसान पहुंचाना चाहती है, ताकि उनकी राजनैतिक रोटियां सिकती रहें। इसलिए हमारा रुख स्पष्ट है कि प्रदेश हित और सनातन सम्मान के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम ने दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामायण के रचनाकार, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई समरसता, सद्भाव तथा मानवता जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा सदैव प्रेरित करती रहेगी।

# भूकंप की दृष्टि से नैनीताल संवेदनशील भूगर्भ में एकत्र हो रही भूकंपीय ऊर्जा

## माइक्रोमेजेशन विधि से नैनीताल और बड़े शहरों का होगा अध्ययन

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड समेत मध्य हिमालय क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही भूकंप की घटनाओं से अब वैज्ञानिक भी चिंतित है। वाडिया इंस्टीट्यूट देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक व निर्देशक विनीत गहला. त ने बताया हिमालय भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। उत्तराखंड का कुमाऊं और गढ़वाल दोनों क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। उत्तराखंड में पिछले 300 से 400 साल में कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। वर्ष 1344 में और 1505 में बड़ा भूकंप आया लेकिन इसके बाद कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाला समय भूकंप की दृष्टि से बेहद संवे. दनशील है। कहा हिमालय क्षेत्र में भूकंप को लेकर लगातार अध्ययन चल रहे हैं जिनसे पता चला है जमीन के भीतर बड़ी मात्रा में एनर्जी एकत्र हो रही है।

वैज्ञानिकों के अध्ययन में पता चला है कि भूकंप आने की प्रक्रिया भूगर्भ में चल रही हैं। भूकंप मापी यंत्रों से पता चला है कि बहुत तेजी के साथ भूगर्भ में एनर्जी एकत्र हो रही है। लिहाजा भूकंप की दृष्टि से नैनीताल विशेषकर पूरा उत्तराखंड बेहद संवेदनशील है। कहा इस बार आने वाले भूकंप की सीमा करीब 300 किलोमीटर के आसपास की होगी। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि किस क्षेत्र में हानि अधिक होगी। अगर बड़ा भूकंप आया तो पहाड़ों की अपेक्षा मैदानी क्षेत्र विशेष कर देहरादून, कोटाबाग, नैनीताल क्षेत्र अब तक बेहद संवे. दनशील है। विनीत गहलोत ने कहा राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भूकंप की दृष्टि से बेहद संवे. दनशील क्षेत्र को चिन्हित कर भूकंप की छोटी-छोटी घटनाओं की निगरानी शुरू कर दी है।

इस दौरान विनीत गहलोत ने कहा जमीन किस तरह से खिसक रही है जमीन में किस तरह की हलचल हो रही है उसे पर वैज्ञानिकों की विशेष नजर रखते हुए अध्ययन शुरू किया है। लगातार उत्तराखंड के संवेदनशील क्षेत्र के साथ-साथ 20 अन्य स्थानों पर भूकंप मापी यंत्रों को लगाया गया है। आने वाले समय में उत्तराखंड के 15 स्थान पर भूकंप मापी सेंसर लगाने की तैयारी की जा रही है। ताकि भूगर्भ में मचाने वाली हलचलो का पता लगाया जा सके और भूकंप आने से पहले लोगों को सचेत किया जा सके।कहा भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील नैनीताल समेत अन्य शहरों पर माइक्रोमेजेशन विधि से अध्ययन किया जाएगा।





### अर्थ क्विक रेजुलियम सोसायटी की आवश्यकता

लंबे समय से भूकंप पर अध्ययन कर रहे पद्मश्री हर्ष गुप्ता ने बताया आने वाले समय में हमें भूकंप के साथ रहने की आदत बनानी होगी इसके लिए अर्थक्वेक रेजुलियम सोसायटी बनाने की आवश्यकता है। कहां आने वाला समय भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है 2005 में मुजफ्फराबाद में आए भूकंप में 82 हजार लोगों की मौत हुई थी। उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना भी मुजफ्फराबाद जैसी है अगर यहां इसी तरह का बड़ा भूकंप आया तो यहां भी इस तरह की घटना देखने को मिल सकती है।कहा 2010 में हिंदी में एक विनाशकारी भूकंप आया जिसमें 3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई जिससे सबक लेते हुए हित के लोगों ने अर्थ क्विक रेजुलियम सोसायटी बने इसके बाद वहां पहले से अधिक विनाशकारी भूकंप आया लेकिन इस भूकंप में मरने वालों की संख्या महज 2500 रह गई।कहा संवेदनशील क्षेत्रों विशेषकर पूरे भारत में एक दिन अर्थ क्वेक डे मनाने की आवश्यकता है ताकि भूकंप के दौरान होने वाली घटना और उससे बचाव की लोगों को जानकारी दी जा सके और ऐसी घटना के दौरान जनहानि को काम किया जा सके।




# मेडिकल कॉलेज में 24 घंटे खुलेगी लाइब्रेरी:डा.रावत

**वीसीएसजीएमसी में जील-2025 वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में मंगलवार को एमबीबीएस छात्रों के वार्षिक उत्सव जील-2025 का रंगा. रंग कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सब का मनमोहा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मेडिकल शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास दोनों में निखार आएगा। उन्होंने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में लाइब्रेरी अब 24 घंटे खुली रखने की घोषणा कि। लाइब्रेरी का 24 घंटे खुलने से छात्र अपनी सुविधा के अनुसार अध्ययन कर सकें। साथ ही प्रत्येक हॉस्टल में सुविधायुक्त रीडिंग रूम की स्थापना की जाएगी, जिससे छात्रों को शांत और अनुकूल अध्ययन वातावरण मिल सके। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य के मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों में ई-ग्रंथालय की स्थापना की जाएगी, जिससे छात्रों को डिजिटल संसाधनों तक आसान पहुंच मिलेगी। इस मौके पर खिर्सू ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी, भाजपा महामंत्री गणेश भट्ट, मेडिकल कालेज प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना, सीएमओ पौड़ी डॉ. शिव मोहन शुक्ला, एमएस डॉ. राकेश रावत, सीएमएस डॉ. विमल गुंसाई, पूर्व एमएस डॉ. अजेय विक्रम सिंह, गायत्री देवी, वासुदेव कंडारी, प्रदीप नेगी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अंतर-महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताएं होंगी**

कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के बीच अंतर-महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसका ग्रैंड फिनाले एम्स ऋषिकेश में होगा। कहा कि हर मेडिकल कॉलेज को 15 प्रकार के खेल सामग्रियों का वितरण किया जाएगा,

**ऑब्स एंड गायनी ओटी का हुआ लोकार्पण**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मेडिकल कॉलेज परिसर में दो गर्ल्स हॉस्टलों के मरम्मत कार्यों का शिलान्यास तथा बेस अस्पताल श्रीनगर में इमरजेंसी ओटी और ऑब्स एंड गायनी ओटी का लोकार्पण किया। कहा कि हॉस्टल मरम्मत कार्यों के पूरा होने के बाद छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिलेंगी, मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज न केवल शिक्षण संस्थान रहें, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित हों।

# चौराबाड़ी ग्लेशियर में फंसे चार यात्रियों का एसडीआरएफ ने किया सफल रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए चार श्रद्धालु मंदिर से 2-3 किमी ऊपर चौराबाड़ी ग्लेशियर की तरफ चले गए। यहां पहुंचने के बाद वे बर्फबारी के बीच फंस गये। जिसके बाद किसी तरह से उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और पर्यटकों को रेस्क्यू करके नीचे लाई।

दरअसल, चौराबाड़ी ग्लेशियर केदारनाथ के पास स्थित एक छोटा ग्लेशियर है, जो मंदाकिनी नदी के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है। समुद्र तल से लगभग 3,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह ग्लेशियर ट्रेकर्स और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक शांत गंतव्य है और इसे चौराबाड़ी ताल (गांधी सरोवर) के नाम से भी जाना जाता है। चौराबाड़ी ग्लेशियर केदारनाथ मंदिर से लगभग 2-3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह केदारनाथ मंदिर के ठीक पीछे की पहाड़ी में स्थित है।

बीते सोमवार को केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए हर्ष राणा पुत्र राजकुमार राणा, दीपक नेगी पुत्र योगेश्वर नेगी, नवनीत त्यागी पुत्र अरविंद त्यागी, आदित्य पुत्र सरवन कुमार निवासी राधेश्याम विहार फेस गाजियाबाद थाना मुरादनगर उ.प्र. चौराबाड़ी ताल की तरफ गए थे। इस दौरान मौसम खराब होने के कारण वहीं फंस गए। इसके बाद यात्रियों ने किसी तरह सूचना पुलिस को दी। पुलिस की ओर से एसडीआरएफ टीम को रवाना किया गया।

एसडीआरएफ टीम द्वारा काफी कठिन परिस्थितियों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। क्षेत्र में लगातार बारिश व बर्फबारी के बावजूद टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन निरंतर जारी रहा। सर्चिंग के दौरान टीम द्वारा चौराबाड़ी ग्लेशियर में फंसे सभी चार यात्रियों को सकुशल खोज लिया गया, जिन्हें टीम द्वारा सुरक्षित नीचे लाया गया और इनके परिजनों से बात कर कुशलता दी गई।

# इंडेन गैस सिलेंडरों में घटतौली का आरोप, जांच की मांग उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवेंद्र नौडियाल ने इंडेन गैस सिलेंडरों में घटतौली का गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्ति विभाग से तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को लगातार इंडेन गैस सिलेंडरों में गैस की कमी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद विभाग और गैस एजेंसी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

नौडियाल ने बताया कि बीते सोमवार को वे खुद गैस वितरण प्वाइंट पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने दो घरेलू सिलेंडर लिए। जब उन्होंने सिलेंडरों का वजन जांचने की मांग की तो वितरण कर्मियों ने पहले तो आनाक. ानी की, लेकिन काफी वाद-विवाद के बाद आखिरकार सिलेंडरों को तोला गया। उस समय दोनों सिलेंडर मानक वजन के अनुसार सही पाए गए, जिससे सबकुछ सामान्य प्रतीत हुआ।हालांकि, नौडियाल ने बताया कि जब वे घर पहुंचे और अपनी डिजिटल मशीन से दोनों सिलेंडरों का वजन किया, तो हैरानी की बात यह रही कि एक सिलेंडर में एक किलो और दूसरे में करीब दो किलो गैस कम पाई गई। इस पर उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वितरण केंद्र पर वजन सही था, तो घर तक पहुंचते-पहुंचते गैस की मात्रा कैसे घट गई। उन्होंने कहा कि यदि कंपनी ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया, तो वे इस मामले को लेकर जनांदोलन शुरू करेंगे।

# चारों धामों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के चारों धामों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। कई वर्षों बाद अक्तूबर में ऐसा खूबसूरत नजारा देखने को मिला है। जब चोटियां भी बर्फ से लकदक हैं।

जिले भर में सोमवार से हो रही रिमझीम बारिश के बाद गंगोत्री , यमुनोत्री सहित दयारा और हरकीदून घाटी समेत भारत- चीन सीमा की अग्रिम चौकियों पीडीए , सोनम, जादूंग, नेलांग घाटीके ऊंची चोटियों में बर्फबारी का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। कई वर्षों बाद लोगों को अक्तूबर में ऐसी बर्फबारी देखने को मिल रही है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने के कारण जनपद में स्थित यमुनोत्री व गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा देखने को मिला, दोनों धामों श्रद्धालुओं की चहलकदमी गुलजार हुआ है।मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में हो रही सामान्य वर्षा के दृष्टिगत, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र/यात्रा नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों के वाहनों के सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करवाए जाने तथा सड़क संबंधी सभी विभागों को मार्गों को सुचारू एवं सुलभ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं । इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है।तथा मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है!



**मौसम वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, इस वर्ष पड़ेगी कड़ाके की ठंड**

उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में असामान्य रूप से लंबी और कठोर सर्दियों की तैयारी चल रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ला-नीना प्रभाव के कारण भारी बर्फबारी और लंबे समय तक ठंड रहेगी, जिससे वसंत का आगमन मार्च 2026 तक टल जाएगा।पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ ए. एस. नैन ने कहा है कि राज्य में दिसंबर से ला-नीना प्रभाव दिखना शुरू हो जाएगा।

## एक नजर .......

### प्रगतिशील किसानों और किसान समूहों के साथ किया बैठक का आयोजन

**कोटद्वार ।** भाबर स्थित सिडकुल में स्थापित कंपनी बंजोश इंटरप्राइजेज के सहयोग से मंगलवार को सिगड्डी में एफपीओ सहायता समूह समुन्नति द्वारा प्रगतिशील किसानों और किसान समूहों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषि क्षेत्र में सहयोग और विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। समूह की ओर से सलाहकार विंग कमांडर अनुपमा जोशी और सीईओ, समुन्नित फाउंडेशन पूर्णा पुष्कला ने बताया कि संस्था अब तक देशभर में लगभग 30,000 करोड़ का ऋण किसानों और एफपीओ को प्रदान कर चुकी है। समूह अब उत्तराखंड में भी विस्तार की योजना बना रहा है। मौके पर बंजा. ेश इंटरप्राइजेज के दीपक बनियाल ने किसानों की कार्यशील पूंजी की समस्याओं को रेखांकित किया, जिस पर समूह की ओर से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में दीपक कारगती, आशीष डबराल, रमेश शर्मा, राजेश पलड़िया, हर्षत मथारू, उत्सव सक्सेना और अनंत शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया।

### भाषण प्रतियोगिता में विवेक, पवन और तनिषा ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** राजकीय पालीटेक्निक श्रीनगर सभागार में छात्र-छात्राओं को अपने रूटीन पाठ्यक्रम की परिधि से पृथक, सामयिक विषयों और ज्वलंत मुद्दों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने एवं उनमें सम्प्रेषण कौशल विकसित करने के उद्देश्य से एलुमनी एसोसिएशन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक श्रीनगर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एक वरदान या अभिशाप विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के 24 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के सकारात्मक और नकारात्मक पक्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया और आवश्यक सुझाव भी दिए। प्रतियोगिता में मैकेनिकल ट्रेड के द्वितीय वर्ष के विवेक ने प्रथम, कंप्यूटर साइंस पवन ने द्वितीय, कंप्यूटर साइंस के तनिषा नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा उत्तराखंड के संयुक्त सचिव देवेन्द्र गिरी, डा. गणेश खुगशाल, प्रो. एसएस रावत, डा. अरुण कुकसाल, डा.सरिता उनियाल, दिवाकर धस्माना, वीरेंद्र गुसाईं, सुभाष नौटियाल सहित आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**श्रीनगर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र बिष्ट ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी डॉ. धन सिंह रावत के जन्मदिन पर मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा मंत्री जी के सेवा ही संकल्प भाव को दर्शाती है। बिष्ट ने बताया कि फल वितरण के दौरान मरीजों से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेश्वरी रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष हयात सिंह झिक्वाण, यशीश रावत, कैलाश कप्रवाण, सोलचना रावत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गढ़भोज दिवस

**श्रीनगर।** उत्तराखंड के परम्परागत भोजन का उत्सव गढ़भोज दिवस मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही गढ़ भोज श्रृंखला के भोजन चौशू, मांडूवे की पुरी, साठी का भात, छेमी की दाल बनाई गई। मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नई पीढ़ी को परम्परागत ज्ञान से रूबरू करवाने में गढ़ भोज दिवस का महत्वपूर्ण योगदान है। जाड़ी संस्थान द्वारा वर्ष 2000 से चलाए जा रहे गढ़भोज अभियान ने राज्य के निवासियों को इसके औषधीय गुणों से परिचित करा कर मोटे अनाजों की तरफ लौटाने के साथ देश दुनिया में उत्तराखंड के भोजन को पहचान दी। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि यह बहुत सुंदर ही प्रयास है आने वाले समय में गढ़ भोज पर शोध कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता गढ़भोज अभियान, गढ़भोज दिवस के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल, पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ अरविंद दरमोड़ा, प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. जेपी भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# डीएम व नगरपालिका अध्यक्ष ने स्काईलिफ्टर को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को कर्णप्रयाग बाजार से सिमली मार्ग तक भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गणेश शाह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि भूस्खलन के कारण नगर पालिका क्षेत्र के अनेक घर प्रभावित हो रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को शीघ्र प्रभावित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभासद हेमा डिमरी एवं सभासद कमला रतूड़ी ने बताया कि आपदा के चलते नगर क्षेत्र के अपर बाजार, बहुगुणा नगर एवं सुभाष नगर क्षेत्रों में कई परिवारों पर खतरा मंडरा रहा है।इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बहुगुणा नगर एवं आईटीआई वार्ड में आपदा से संबंधित कार्य शासन स्तर से अनुमोदन के उपरांत शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी नगर पालिका कार्यालय कर्णप्रयाग पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष गणेश शाह के साथ संयुक्त रूप से स्काईलिफ्टर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा यह अत्याधुनिक वाहन नगर क्षेत्र में बिजली मरम्मत, सफाई, होर्डिंग्स व सजावट जैसे कार्यों को सुगमता व गति प्रदान करेगा, जिससे विकास कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं नगर महामंत्री भाजपा चेतन मनोड़ी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक के.पी. सती, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भाजपा रहीम सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र नेगी, उमाशंकर ममगाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्णप्रयाग नरेन्द्र रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू

**श्रीनगर।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ कटकेश्वर महादेव (घसिया महाद. ेव) मंदिर में शिव महापुराण कथा शुरू हो गई है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा शारदा घाट से शुरू होकर मंदिर परिसर तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। व्यासपीठ पर आचार्य मधुसूदन घिल्डियाल ने पहले दिन की कथा का वाचन किया। कथा आरंभ से पूर्व कुल पुरोहित पंडित रवि बहुगुणा समेत अन्य विद्वान पंडितों द्वारा पूजन एवं अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए। 11 दिवसीय कथा का समापन 17 अक्टूबर को होगा।प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

# स्व. शशिप्रभा रावत की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** गढ़वाल सर्वोदय मंडल एवं कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति की ओर से सोमवार को सर्वोदयी सेविका स्व. शशिप्रभा रावत की प्रथम पुण्यतिथि पर भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि स्व. शशिप्रभा रावत का जन्म जनवरी 1935 में ग्राम सिल्ली गरुड़ में हुआ। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौसानी से प्राप्त की व बुनियादी शिक्षा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आश्रम सेवाग्राम वर्धा से प्राप्त की। उन्होंने महात्मा गांधी व भूदान आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोवा भावे के विचारों की रोशनी में सर्वोदय को अपना जीवन समर्पित कर दिया। लक्ष्मी आश्रम कौसानी में सरला बहिन व राधा बहिन के संरक्षण में उनका विवाह मान सिंह रावत से हुआ। वे भी अपना जीवन सर्वोदय व गांधी विचारों को समर्पित कर चुके थे। कहा कि उन्होंने अपने स्वप्रयासों से सन् 2001 में भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता में बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय की स्थापना की, जो आज हंस फाउंडेशन के सहयोग से भव्य रूप ले चुका है।

# खिलाड़ियों को नहीं मिली खेल महाकुंभ की प्रोत्साहन राशि, फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बीते खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अब तक प्रोत्साहन राशि न मिलने से नाराज युवा खिलाड़ियों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित हनुमान चौक पर प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने जिला युवा कल्याण विभाग, प्रदेश सरकार और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आगामी खेल महाकुंभ का विरोध करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान खिलाड़ियों में गुस्सा साफ झलक रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी ओर खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को महीनों बीत जाने के बाद भी प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है। इससे युवाओं में गहरा असंतोष है और वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।खिलाड़ियों का कहना था कि खेल महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी स्तर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है, लेकिन जब प्रोत्साहन राशि ही समय पर नहीं मिलती, तो उनका उत्साह कम होता है।

उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे और आगामी खेल महाकुंभ का बहिष्कार करेंगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़ (टिहरी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत ष्पोषण भी, पढ़ाई भीष कार्यक्रम को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर, थत्यूड़ के सभागार में आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण विभाग, जौनपुर तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. रोशनी सती ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "पोषण भी, पढ़ाई भी" अभियान बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



उन्होंने कहा कि बाल वाटिका बच्चों के लिए खेल आधारित, गतिविधि केंद्रित और सीखने के अनुकूल वातावरण तैयार करती है, जिससे वे आगामी कक्षा एक के लिए आत्मविश्वासपूर्वक तैयार हो सकें।

डॉ. सती ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आह्वान किया कि वे बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में पोषण और शिक्षा दोनों के संतुलित विकास पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि जीरो से छह वर्ष की आयु बच्चे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास की सबसे संवेदनशील अवस्था होती है।

मंजू रावत एवं मुनाजिर हुसैन ने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यशाला में शारीरिक, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सौंदर्य बोध, भाषाई, सामाजिक और भावनात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

कार्यकत्रियों को मॉडल तैयार करने, प्रायोगिक गतिविधियों और खेल आधारित शिक्षा के प्रयोगों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जौनपुर विकासखंड की 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां इस प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण में उन्हें यह भी सिखाया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के समग्र विकास और स्वास्थ्य पोषण के अनुकूल कैसे बनाया जाए।

कार्यक्रम में डॉ. रोशनी सती के साथ शाला सेमवाल, प्रभाव पंवार, सुधा रावत, ओमकार मिश्रा, आलोक वैद्य, मधु नीलम, सरोज नीलम मैथिल, पिंकी, रीता, विषैला सहित नैनबाग, भवान, सकलाना, थत्यूड़ व केम्प्टी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग, पीएम को लिखा पत्र

**वांगचुक की गिरफ्तारी हिमालयी राज्यों की आवा दबाने की कोशिश : ठाकुर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** लद्दाख के शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग हिमालय राज्यों से उठने लगी है। मंगलवार को उत्तरकाशी जिले के सामाजिक और पर्यावरण संगठन शगांगोत्री ग्लेशियर हिमालय एवं हिमदियां बचाओ अभियान दलश ने की ग्लेशियर लेडी श्रीमती शांति ठाकुर ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पर्यावरणविद् सोनम वांग. चुक की हालिया गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने मीडिया को बताया कि लद्दाख के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को छै। (नेशनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण था और वे क्षेत्र के पर्यावरण व आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे थे। पत्र में उल्लेख किया गया कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी हिमालयी राज्यों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने की कोशिश है।संगठन के संयोजक शांति ठाकुर ने प्रधानमंत्री से मांग की कि सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए और उनके आंदोलन की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो। पत्र में हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता, बदलते मौसम, बाढ़, भूस्खलन व जलवायु परिवर्तन के खतरे की ओर भी ध्यान दिलाया गया।पत्र में आगे कहा गया है कि हिमालयी राज्य हर साल 800 से अधिक आपदाओं की चपेट में रहते हैं और ऐसे आंदोलनों को दबाने से पर्यावरणीय संकट और भी बढ़ सकता है। साथ ही प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि वह हिमालयी क्षेत्रों एवं उसके कार्यकर्ताओं की आवाज को सुने और देश की जनता को सुरक्षित भविष्य दें।

प्रेस वार्ता के दौरान, कल्पना ठाकुर परमार,पूर्ण रावत, राखि राना,एकादशी मौजूद रहे है।

# गढ़वाल विवि में सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर स्थित सीनेट सभागार में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. ेताओं सहित सफाई कर्मियों को गढ़वाल विवि के कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि विवि की साफ सफाई में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका रही है। यह दिन उन्हें सम्मानित करने का दिन है। साथ ही विवि सफाई के क्षेत्र में और गतिशील बने और सफाई के क्षेत्र में हम और आगे बढ़े इसलिए हमें स्वच्छता के प्रति निरंतर कार्य करना है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** भाजपा की ओर से मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित कर कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। पार्टी कार्यालय में आयोजित जिला कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य वक्ता नैनीताल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री नेहा जोशी व सह प्रभारी संदीप गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट ने कहा कि इस देशव्यापी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में स्वदेशी उत्पादों के प्रति गर्व की भावना जगाना और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना है। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के संकल्प का यह अभियान 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर प्रारंभ हुआ और 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर सम्पन्न होगा।

जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री नेहा जोशी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए जिला एवं मण्डल स्तर पर कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदम हैइस अवसर पर लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत, महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, राजेन्द्र अन्थवाल, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक मोहन नेगी, जिला महामंत्री सुरेन्द्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष विजयानंद पोखरियाल और नगर अध्यक्ष विकास दीप मित्तल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर सख्त हुई उत्तराखंड सरकार

# मेडिकल स्टोरों से जब्त पेडियाट्रिक कफ सीरप



■ शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र सरकार की ओर से बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर जारी गाइडलाइन के सख्त अनुपालन के लिए उत्तराखंड सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों में खाद्य सरंक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीमें प्रदेशभर में औचक निरीक्षण अभियान चला रही हैं। मंगलवार को देहरादून क्षेत्र में औषधि विभाग ने कई मेडिकल स्टोरों और शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया, जहां से पेडियाट्रिक कफ सिरप के नमूने जब्त कर परीक्षण के लिए राज्य औषधि प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार से प्राप्त आदेशों तथा अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी के दिशा-निर्देशों के अनुसार औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को देहरादून क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोरों एवं शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोरों में पेडियाट्रिक कफ सीरप्स का भंडारण पाया गया। इन औषधियों को नियमानुसार सीज (जब्त) करने की कार्यवाही की गई। साथ ही, कुल 06 पेडियाट्रिक कफ सीरप्स के नमूने फॉर्म-17 में परीक्षण के लिए एकत्रित किए गए हैं। नमूने अब राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे, जहाँ उनकी गुणवत्ता और वैधता का परीक्षण किया जाएगा।

### निरीक्षण टीम में ये अधिकारी रहे शामिल

इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व उप औषधि नियंत्रक हेमंत सिंह नेगी ने किया। उनके साथ सहायक औषधि नियंत्रक सुधीर सिंह, औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा, औषधि निरीक्षक निधि रतूड़ी, तथा औषधि निरीक्षक विनोद जगुड़ी टीम में शामिल रहे। टीम ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और सभी जिलों में मेडिकल स्टोरों की निरंतर निगरानी की जाएगी ताकि आमजन तक केवल सुरक्षित और मानक औषधियाँ ही पहुँच सकें।

### सभी जनपदों में चल रहा अभियान: डॉ. राजेश

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देशन में यह सघन अभियान लगातार सभी जनपदों में जारी है। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मेडिकल स्टोर या अस्पताल में प्रतिबंधित, असुरक्षित या बिना अनुमति वाली औषधियाँ न बेची जाए और बच्चों की सेहत के साथ किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाया जाए।

### नियमों के पालन को लेकर विभाग सख्त

अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर कोलड्रिफ, रेसपीफ्रेश टीआर, रिलीफ कफ सीरप उपलब्ध नहीं थी। विभाग ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश में केवल अनुमोदित, सुरक्षित और चिकित्सकीय रूप से स्वीकृत औषधियाँ ही उपलब्ध हों। विभाग ने सभी औषधि विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि यदि किसी भी स्टोर पर बिना अनुमति या प्रतिबंधित औषधियाँ पाई जाती हैं, तो उनके विरुद्ध खाद्य, औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा संबंधित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## उपनल कर्मचारी 15 अक्टूबर को निकालेंगे कैंडल मार्च

■ उपनल कर्मचारी महासंघ जिला देहरादून की वर्चुअल बैठक में लिया गया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारी महासंघ जिला देहरादून उपनल कर्मचारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि 2018 से 2025 तक लगभग 7 वर्ष पहले हाईकोर्ट से जीतने के बाद भी उपनल कर्मचारी को न्याय नहीं मिल रहा है। एक बड़े संघर्ष के बाद एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 23 मार्च 2025 को उपनल कर्मचारी को नियमित करने की बात कही गई थी। कर्मचारियों में भारी आक्रोश है व समस्त उपनल कर्मचारी 15 अक्टूबर को कैंडल मार्च आक्रोश रैली में प्रतिभा करने का निर्णय लिया गया है। यदि सरकार 9 नवंबर 2 तक उपनल कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं करती तो मजबूरन समस्त उपनल कर्मचारी आंदोलन में जाने के लिए बाध्य होंगे।

वर्चुअल बैठक में जिले के पदाधिकारी एवं उपनल कर्मचारी सदस्य जिला महामंत्री रमेश डोभाल, जयंती, नीतू, विनीत खंडूरी, संदीप राठौर, सुनील कोटनाला, विश्वास बडोनी आशीष थपलियाल, भरत सिंह राणा, शीशपाल तोमर, शैलेन्द्र नौटियाल, सुनील राणा, बच्चन सिंह राणा, अजय देव, अभिषेक गोदियाल व दशरथ धनपुरी एवं सागर ध्यानी आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## विरासत कार रैली में नवाजे गए डॉ. एस. फारूक

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** ओएनजीसी स्टेडियम में आयोजित विंटेज कार रैली के समापन समारोह में विंटेज कारों के उत्साही प्रेमी डॉ. एस. फारूक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वे 10 विंटेज कारों, एक क्लासिक डॉज वैन और दोपहिया वाहनों के एक प्रभावशाली बेड़े के साथ आए और ऑटोमोटिव विरासत के प्रति अपने समर्पण से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विजयश्री जोशी और आयोजकों में से एक सुनयना प्रकाश ने डॉ. फारूक से बातचीत की। जब उनसे पूछा गया, आपके पास कितनी विंटेज कारें हैं? तो उन्होंने गर्व से जवाब दिया, 35 कारें। इतने बड़े संग्रह के रखरखाव के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने बताया, यह बचपन से ही मेरा शौक रहा है। इन वाहनों का रखरखाव मेरे लिए बहुत ही कठिन काम है। एक विशेष रूप से दिलचस्प सवाल प्रतिष्ठित पंजीकरण संख्या DLK-1 के बारे में था। डॉ. फारूक ने बताया, यह कार मूल रूप से महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की थी।

### प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी बरकरार: प्रेमचन्द्र

## पत्रकारों की प्रताड़ना के खिलाफ कड़े कानून बनाने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इंडियन जर्नलिस्टस यूनियन(आईजेयू) के नेशनल काउंसिल का अधिवेशन गत दिवस जयपुर के परशुराम भवन विद्याधर नगर के सभागार में आयोजित हुआ। इस अधिवेशन में देश के अट्ठाइस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। देशभर से आये पत्रकारों ने अधिवेशन में पत्रकारों की प्रताड़ना के खिलाफ सभी राज्यों तथा केंद्र सरकार से कड़े कानून बनाने, पत्रकारों के लिए पेंशन योजना में कम से कम बीस हजार सम्मान निधि देने की मांग की। इसके अतिरिक्त पत्रकारो को रेलवे की और से पूर्व में दिये जाने वाले कंशेसन को पुन: बहाल किये जाने, मजीठिया वेतनमान को लागू किये जाने, पत्रकारों पर हो रहे हमलों, लोकतन्त्र की रक्षा, लद्दाख में पत्रकारो पर फर्जी मुकदमों व पत्रकारों के हितार्थ कई मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

उत्तराखन्ड से जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखन्ड के प्रदेश महामंत्री गिरीश पंत ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूनियन का उद्देश्य पत्रकारिता के उच्च आदर्शों व परंपराओं को बनाए रखना व पत्रकार हितों के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा पत्रकारों की कई समस्याओं का समाधान यूनियन के प्रयास से किया गया, मगर पत्रकारों की कई समस्याएं अभी लंबित है जिन्हें यूनियन निरंतर सरकार से पत्राचार कर सुलझाने का प्रयास कर रही है। उन्होने कहा उत्तराखन्ड सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को उत्तराखन्ड की सभी बसों मे आवागमन की फ्री सुविधा प्रदान की है। पत्रकारों के लिए दिल्ली, लखनऊ, बम्बई के राज्य अतिथिगृहों में न्यूनतम शुल्क में रहने की सुविधा का भी प्रवधान किया है। उन्होंने कहा सरकार ने पत्रकार कल्याण कोष से दिवंगत पत्रकारों के परिजनों व गम्भीर रूप से बीमार सौ से अधिक पत्रकारों को अब तक तीन करोड़ से अधिक की धनराशि आर्थिक मदद के रुप में जारी की है। इसके अलावा पत्रकार पेंशन योजना के तहत पत्रकारों को आठ हजार रुपया मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा यूनियन ने पत्रकारों की पेंशन आठ हजार से बढाकर बीस हजार किये जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सरकार द्वारा मेडिकल सुविधा प्रदान की जाती है। यूनियन ने सरकार से मांग है कि सभी गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी मेडिकल सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। यही नहीं राज्य कर्मचारियों की भांति उन्हें भी गोल्डन कार्ड की सुविधा दी जाए ताकि वे अपना व अपने परिजनों का इलाज सुगमता से कर सके।

## केंद्र में सरकार बनते ही अग्निपथ योजना होगी समाप्त: कांग्रेस

### अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस की यात्रा पहुंची सतपुली, देश की सुरक्षा का बड़ा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली।** सेना में सैनिकों की नियमित भर्ती को बंद कर चलाई गई अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इसका सबसे प्रतिकूल प्रभाव उत्तराखंड के युवाओं के रोजगार पर पड़ रहा है। यह बात मंगलवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग की रथ यात्रा सतपुली पहुंचने पर आयोजित सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि फौज में नियमित भर्ती होने वाला सेना का एक सिपाही कड़ी मेहनत व पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर जितने समय में युद्ध करने योग्य पूर्ण सैनिक बनता है उतने में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने वाला अग्निवीर चार साल की सेवा करके सेवानिवृत हो जाता है। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में देश के प्रति समर्पण व देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की भावना बहुत मजबूत रही है और इतिहास गवाह है कि देश की आजादी के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज से लेकर देश की आजादी के बाद से लेकर आज तक जितने भी युद्ध भारत ने दुश्मन देशों के साथ लड़े हैं उनमें भारतीय सेना में सेवा कर रहे उत्तराखंड के नौजवानों ने अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया है। धस्माना ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तराखंड व देश के युवाओं से यह वादा किया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निपथ योजना बंद कर पूर्व की भांति भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष कर्नल राम रतन सिंह नेगी जो इस रथ यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना न केवल युवाओं के देश की सेवा के अवसर से वंचित कर रही हो बल्कि यह योजना देश की सुरक्षा की दृष्टि से विनाशकारी है। कर्नल नेगी ने कहा कि अग्निवीर को तो शहीद होने पर शहीद का दर्जा तक नहीं दिया जाता तो देश के लिए शहीद होने का जज्बा सैनिक के पास कहां से आएगा।

इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के उपाध्यक्ष गोपाल गड़िया, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, सूबेदार मेजर शेखर नेगी, सूबेदार रणधीर नेगी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजन रौतेला, पूर्व प्रधानाचार्य उमेद सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष जय दीप सिंह नेगी, कैप्टन शोबन सिंह सजवान, आनंद सिंह पुंडीर ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन हवलदार बलबीर सिंह पंवार ने किया।

## स्वास्थ्य सचिव ने किया दून अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने दून अस्पताल का निरीक्षण किया । उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत की माताजी का हाल भी जाना। मरीजों से सुविधाओं के बारे में पूछताछ की आयुष्मान कार्ड बनाने और भर्ती करने की प्रक्रिया भी जानी। हिमाचल के एक मरीज को तत्काल कार्ड बनवाकर भर्ती कराया।

ओपीडी में निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और डॉक्टरों की उपलब्धता, साफ सफाई और रंग पुताई के लिए भी निर्देशित किया। डायलिसिस में तीन शिफ्ट में डायलिसिस करने पर अस्पताल प्रबंधन व डॉक्टर को सराहा। सचिव स्वास्थ्य ने ओपीडी का निरीक्षण



किया और हर डॉक्टर ओपीडी में मिलने पर उन्होंने प्राचार्य और से अच्छा काम करने वाले डॉक्टर को चिन्हित कर नाम देने के लिए कहा ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके । इस दौरान निदेशक डॉ अजय आर्य, अपर निदेशक डॉक्टर आरएस बिष्ट, प्राचार्य डॉ गीता जैन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी महेंद्र भंडारी, ट्रीटमेंट कोऑर्डिनेटर संदीप राणा ,आयुष्मान समन्वयक दिनेश रावत आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि के विचारों से समरसता बढ़ाएं और जातिवादी राजनीति का जवाब दें : भट्ट

### भाजपा परिवार ने वाल्मीकि जयंती पर प्रदेशभर में दी वैचारिक श्रद्धांजलि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने वाल्मीकि जयंती पर उनके विचारों को आत्मसार करते हुए, समाज में समरसता बढ़ाने और जातिवादी एवं दिग्भर्मित करने वाली राजनीति का जवाब देने का संकल्प लिया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं से महर्षि वाल्मीकि के प्रेरणादायक उद्धरणों को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया है।

प्रदेशभर ने आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रमों के क्रम में आज पार्टी मुख्यालय में उन्हें वैचारिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अपने उद्बोधन में श्री



भट्ट ने कहा, महर्षि वाल्मीकि ने अनेकों प्रेरणादायक उद्धरण मानव जीवन और समाज को दिए हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके दिखाए रास्ते को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, दायित्वधारी डा देवेंद्र भसीन, सुभाष बड़थ्वाल, भगवंत मकवाना, प्रदेश मीडिया सह संयोजक राजेंद्र नेगी, विनय गोयल, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन आदि उपस्थित रहे।

## जोशी ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कालिदास मार्ग स्थित मंदिर में पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे अमर ग्रंथ की रचना कर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उनका जीवन सत्य, मर्यादा और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की वाणी आज भी हमें समाज में समानता, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, डॉ बबीता सहोत्रा, भावना चौधरी, सतेंद्र नाथ सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 उत्सव ने पकड़ी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में 22 सितंबर से शुरू हुए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने ग्राहकों और विक्रेताओं से जबरदस्त भागीदारी देखी है, जिसमें स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, तथा रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। 6 अक्टूबर से, ग्राहक बहुप्रतीक्षित षदिवाली स्पेशलष डील्स और ऑफर्स का आनंद ले सकते हैं और स्मार्टफोन ; इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम किचन और आउटडोर , रोजमर्रा की जरूरतों , टीवी और घरेलू उपकरणों; अमेजन फ्रेश, इको विथ एलेक्सा, फायर टीवी और किंडल पर छूट और बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं।

इस त्योहारी सीजन में, देहरादून के ग्राहक अमेजन.इन पर प्रीमियम विकल्प, किफायती खरीददारी और वेलनेस-फोकस्ड शॉपिंग का मिश्रण मना रहे हैं। देहरादून और पूरे राज्य में स्मार्ट टीवी की मांग 20 फीसदी से अधिक वार्षिक वृद्धि के साथ मजबूत बनी हुई है। ग्राहक कीमती आभूषणों में निवेश कर रहे हैं, जिसमें 100 फीसदी वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन फैशन और ब्यूटी के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा, "उत्तराखंड के ग्राहक अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 का जश्न पहले से कहीं बड़े तरीके से मना रहे हैं।अमेजन बाजार के डायरेक्टर, प्रोडक्ट और बिजनेस हेड समीर लालवानी ने कहा, "देहरादून में ऑर्डर्स में 200 फीसदी वार्षिक वृद्धि यह दर्शाती है।

## आज का समय अहिंसा का दिवस: रवींद्र मनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज देहरादून में जैन मिलन देहरादून एवं श्री वर्धमान जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के इस अवसर पर अहिंसा दिवस कार्यक्रम के साथ उपाध्याय श्री रविंद्र मुनि महाराज का 48 वा दीक्षा दिवस, आचार्य पदम चंद्र महाराज की जन्म जयंती तथा महासाध्वी अनंत महाराज की 37 दिवसीय उपवास तपस्या को बहुत हर्षोल्लास के साथ बनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलाज ग्रुप के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन रहे तथा सभाअध्यक्ष लोकेश जैन थे। ध्वजारोहण शकुंतला जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य उपाध्याय रविंद्र मुनि महाराज द्वारा




मंगलाचरण कर किया गया। कार्यक्रम में ज्योतिष दिवाकर राजेश मुनि महाराज सहित रिधिमा महाराज, टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्णागिरी महाराज, अभय मठ के स्वामी परविंदर पुरी, सिंह सभा गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई शमशेर सिंह सहित अनेको साधु सदियों ने सभी को अपने आशीर्वाद एवं प्रवचनों का लाभ दिया। महिला जैन मिलन राजुल की महिलाओं द्वारा महावीर प्रार्थना तथा ध्वज गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। पूज्य उपाध्याय रविंद्र मुनि महाराज ने अपने वक्तव्य में अहिंसा को आज की आवश्यकता के रूप में विस्तार से बताया तथा कहा कि आज का समय अहिंसा का समय है चाहे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए चाहे राष्ट्रीय स्तर पर चाहे नगरीय स्तर पर बिना अहिंसा के किसी का भी अस्तित्व संभव नहीं है। ज्योतिष दिवाकर राजेश मुनि महाराज ने उपाध्याय का जीवन परिचय विस्तार से बताते हुए कहा कि उन्होंने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं साथ ही जो साधु विचरण करते हैं उनकी सुरक्षा के लिए भी उपाध्याय श्री ने बहुत अधिक प्रयास किए हैं।

कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष वीर नरेश चंद जैन क्षेत्र संख्या 14 के क्षेत्रीय मंत्री वीर डॉक्टर संजय जैन सहित श्री दिगंबर जैन समाज देहरादून के महामंत्री राजेश कुमार हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज के सहायक प्रबंधक सुनील कुमार जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, वर्धमान जैन श्रावक संघ के मंत्री विनोद जैन उपाध्यक्ष, मंत्री राजीव जैन, अजय जैन अरुण जैन अनिल जैन डॉक्टर संगीता जैन सहित श्री गुरु सिंह सभा के अनेकों सिख बंधु सहित अनेको श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक मुट्ठी बादाम खाए, स्वस्थ रहे

**देहरादून।** भारत का त्यौहारों का मौसम भव्यता, खुशी और लजीज मिठाइयों व नमकीन व्यंजनों से भरी दावतों का पर्याय है। त्यौहारों के इन स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेना बिल्कुल सही है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाने से शरीर भारी और असहज महसूस कर सकता है। साल के अंत तक लगातार त्योहारों की धूम को देखते हुए, अभिनेत्री, लेखिका और समर्पित माँ सोहा अली खान अपना वेलनेस गाइड साझा कर रही हैं, जिसके जरिए वह स्वास्थ्य से समझौता किए बिना त्योहारों का भरपूर आनंद ले पाती हैं। सोहा कहती हैं कि बिना कुछ खाए पार्टी में जाना "सबसे बुरी गलती" है। उनके अनुसार, "जब कोई भूखा होता है तो अक्सर वह अस्वास्थ्यकर चीजें चुन लेता है। जरूरत से ज्यादा देर तक बिना खाए रहने पर बेचैनी और तनाव महसूस होने लगता है, और वहीं से बिंज-ईटिंग की शुरुआत होती है।

## शादाब बने भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में किया जाएगा काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गौ रक्षा वाहिनी से जुड़े शादाब अली को भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है। देहरादून निवासी शादाब अली को पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विधायक भाजपा व पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक राम कृष्ण भार्गव और पूर्व प्रतिनिधि सदस्य एफसीआई भारत सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष करी फतुद्दीन कादरी की सहमति से शादाब अली को भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

शाआब लबे समय से उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में गौ रक्षा वाहिनी में अपनी सेवा देते आए हैं,



उनकी सेवा को देखते हुए पार्टी संगठन ने उनको यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। शादाब अली को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके साथियों ने मिष्ठान वित्रण कर प्रसन्ता व्यक्त की है। वहीं, शादाब अली ने कहा कि जो भी दायित्व पार्टी या संगठन की और से दिये गये हैं, उनका पूरी निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। कहा कि वह पहले से ही संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे थे, नई जिम्मेदारी मिलने पर और उर्जा के साथ काम किया जाएगा। शादाब अली ने कहा कि आगामी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी फतेउद्दीन खान कादरी ने कहा कि भाजपा में ही अल्पसंख्यकों का हित है। भाजपा बिना भेदभाव के सर्वसमाज को विकास के पथ पर लेकर चलने वाली पार्टी है।

# हरकी पैड़ी पर डुबकी भी नहीं लगा पा रहे श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वार्षिक गंगा बंदी के दौरान हरकी पैड़ी स्थित ब्रह्म कुंड पर डुबकी लगाने लायक भी गंगाजल नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते श्रद्धालु हरकी पैड़ी के सामने बहने वाली दूसरी धारा में स्नान और अन्य धार्मिक कार्य संपन्न कर रहे हैं। वीआईपी घाट की ओर बहने वाली धारा में लोग अस्थि विसर्जन कर रहे हैं और इसी स्थान पर गंगा स्नान भी कर रहे हैं। गंग नहर क्लोजिंग की जानकारी ना होने की वजह से गंगा स्नान के लिए आने वाले लोग निराश हो रहे हैं। हालांकि यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हर की पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए पर्याप्त जल छोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष गंगा की साफ सफाई और अन्य रखरखाव के लिए दशहरे से छोटी दीपावली तक गंगा बंदी की जाती है। गंगा बंदी की अवधि में यूपी सिंचाई विभाग बरसात में आने वाली सिल्ट को हटाने के साथ गंगा की साफ सफाई आदि कार्य करता है। कार्य पूरे होने के बाद छोटी दीपावली की रात गंगा में जल छोड़ा जाता है।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए देसंविवि के आलोक कुमार पांडेय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देवसंस्कृति विश्व-विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवी आलोक कुमार पाण्डेय को माय भारत राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आलोक कुमार पांडेय को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में देसंविवि को परिवार के साथ अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

देसंविवि के अभिभावक डा. प्रणव पण्ड्या व शैलदीदी, कुलपति शरद पारधी, कुलसचिव बलदाऊ सहित विवि परिवार ने आलोक कुमार को बधाई दी। आलोक पाण्डेय ने डिजिटल साक्षरता, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, डिजिटल इंडिया जैसे जनकल्याणकारी अभियानों के प्रति जन जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। जल संरक्षण (आकल प्रयोग), प्लास्टिक मुक्त भारत और स्वच्छता अभियान जैसे अभियानों को भी सक्रिय नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने अपने एनएसएस कार्यकाल में समाजहित एवं राष्ट्रहित में अनुकरणीय योगदान दिया और विश्वविद्यालय के आदर्शों को जीवंत करते हुए मानव सेवा के विविध क्षेत्रों में प्रेरणादायक कार्य किए। आलोक ने 710 पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने में योगदान दिया। साथ ही अनेक रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया और स्वयं पांच बार रक्तदान कर सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर देसंविवि के प्रतिकुलपति डा.चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि आलोक पांडेय ने एनएसएस में निस्वार्थ सेवा, अनुशासन एवं समर्पण के माध्यम से देव संस्कृति विश्वविद्यालय के मूल्यों को उजागर किया है। यह पुरस्कार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत की तरह काम करेगा। विवि के एनएसएस समन्वयक डा.उमाकांत इंदोलिया ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह पुरस्कार गर्व की बात है, जो सभी स्वयंसेवकों को और अधिक निष्ठा व समर्पण से समाज सेवा में योगदान हेतु प्रेरित करेगा।



# पुलिस ने चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर ने चाकू लेकर घूम रहे एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सोमवार की रात गणेश विहार अयोध्या धाम के पास चेकिंग के दौरान चेतक पुलिसकर्मियों कांस्टेबल मनोज डोभाल व कांस्टेबल रोहित कुमार ने एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम शोयब पुत्र जरीफ निवासी जमालपुर कला निकट मस्जिद के पास थाना कनखल बताया। पुलिस ने चाकू बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### भाजपा ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी की कार्यशाला का किया आयोजन

# विदेशी ताकत से सामना करने के लिए स्वदेशी को अपनाना अति आवश्यक : रावत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भाजपा जिला कार्यालय जगजीतपुर में आत्म निर्भर भारत स्वदेशी संकल्प यात्रा, हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रजनन कर किया गया। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने स्वागत भाषण में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज हम सबके लिए आवश्यकता है। कि हम घर-घर तक जाकर स्वदेशी का प्रचार प्रसार करें और स्वदेशी उत्पादों को अपनाए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ज्योति प्रसाद गैरोला ने बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक भारतीय उत्पादों का उपयोग करना है और विदेशी वस्तुओं की जगह देशी वस्तुओं का उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त देशवासी से आह्वान किया है कि हमें अपने किसानों, कारीगरों और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना है और उनका समर्थन करना है। उन्होंने युवाओं और बच्चों को भी स्वदेशी अपनाने का अनुरोध किया। हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि स्वदेशी का आह्वान स्वतंत्रता से पहले भी किया गया था। और हमारा स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ स्वदेशी आंदोलन भी शुरू हुआ था। आज हमें विदेशी ताकत से सामना करने के लिए स्वदेशी को अपनाना अति आवश्यक है। उन्होंने स्वदेशी को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष और हरिद्वार जिला प्रभारी अनिल गोयल ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष और हरिद्वार जिला प्रभारी अनिल गोयल, सह प्रभारी दीपक ध मीजा, हरिद्वार महापौर किरण जैसल, दर्जाधारी राज्य मंत्री डा. जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी, विकास तिवारी, संदीप गोयल, संजीव चौध री, हीरा सिंह बिष्ट, लव शर्मा, आशु चौधरी, निपेंद्र चौधरी, सीमा चौहान, संदीप अग्रवाल, अभिनव चौहान, रिशु चौहान, भूप सिंह, अमरीश सैनी, रितु ठाकुर, पारुल चौहान, विक्रम भुल्लर देवेंद्र प्रधान, प्रीति गुप्ता, अरविंद कुशवाह, नकली राम सैनी, लक्ष्मण सिंह नागर, पवन कपूर सनी कैलाश भंडारी राकेश सैनी रीता सैनी विवेक चौहान भट्ट महेंद्र धीमान सुशील पृथ्वी सिंह राणा राजेंद्र कटारिया सुशील चौहान तरुण चौहान शाहिद आने को कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ, गंगा, गीता और समाज सेवा को समर्पित था महंत चेतनानंद का जीवन : हरिचेतनानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार की प्रख्यात धार्मिक संस्था श्री सुनहरी आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के परमाध्यक्ष महंत मुकेशानंद के सानिध्य में संतो महंतो महामण्डलेश्वरों ने ब्रह्मलीन महंत चेतनानंद की 34वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई। पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत चेतनानंद का समूचा जीवन गौ गंगा गीता और समाज को समर्पित था। उन्होंने जीवन पर्यंत समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत चेतनानंद सरल, सहज और समाजसेवी संत थे। उन्होंने जीवन भर अपने भक्तों को सत्य का मार्ग दिखाकर समाज में सनातन धर्म को बढ़ाने का काम किया। श्रीसुनहरी आश्रम चौरिटेबल ट्रस्ट भूपतवाला के परमाध्यक्ष महंत स्वामी मुकेशानंद महाराज ने कहा कि संतो का जीवन समाज कल्याण के लिए होता है। ब्रह्मलीन गुरुदेव चेतनानंद महाराज के सानिध्य में रहकर जो हमने सिखा उसी को समाज में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। जो गुरुदेव को सच्ची श्रद्धांजलि है। महंत मुकेशानंद महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत चेतनानंद महाराज त्याग तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने जीवन भर अपने भक्तों और शिष्यों को अध्यात्म का मार्ग बताया और सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत किया। कथा व्यास सुनील कैलाशी ने कहा कि सदगुरू देव के ज्ञान से ही जीवन को भवसागर से पार किया जा सकता है। बिना गुरु के जीवन को सद्गति प्राप्त नहीं होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद एवं संचालन महंत रविदेव शास्त्री ने किया। पुण्यतिथि में महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि, महामंडलेश्वर जगदीशानंद, महंत गोविंद दास, श्रीमहंत देवानंद सरस्वती, महंत रविदेव शास्त्री, महंत ज्योतिर्मयानंद, श्रीमहंत दुर्गादास, महंत सूरजदास, पार्षद सूर्यकांत शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, बी.डी.मित्तल, विमला शर्मा, संतोष गोयल, संजय गोयल, उषा शर्मा, राजेंद्र कंसल, सरोज मित्तल सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हीरो मोटर कॉर्प में चला साइबर जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर क्राइम सेल हरिद्वार द्वारा आज सिडकुल स्थित हीरो मोटर कॉर्प कंपनी में एक साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के लगभग 700 अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों से लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना था। साइबर क्राइम सेल की टीम ने उपस्थित कर्मचारियों को वर्तमान में हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रभावी उपायों के प्रति सचेत किया गया। इनमें सुरक्षित पासवर्ड का प्रयोग, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी साझा न करना, और संदिग्ध कॉल से सतर्क रहना जैसे सुझाव प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम सेल की टीम ने "सुरक्षित नागरिक - सुरक्षित समाज" के संदेश को प्रमुखता से साझा करते हुए सभी से डिजिटल सतर्कता अपनाने का आग्रह किया। साइबर क्राइम सेल, हरिद्वार द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग साइबर अपराधों से सुरक्षित रह सकें और एक जिम्मेदार डिजिटल समाज का निर्माण हो सके।

# 10 को करवा चौथ किया जाएगा व्रत : उज्जवल पंडित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित ने बताया कि शास्त्रानुसार करवा चौथ व्रत 10 अक्तूबर को किया जाएगा। उज्जवल पंडित ने बताया कि करवा चौथ व्रत अथवा करक चतुर्थी का व्रत भारतीय संस्कृति के उस पवित्र बंधन एवं अखंड सौभाग्य का प्रतीक है, जो पति पत्नी के बीच प्रेम रूपी डोरी को जोड़ता है। सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा यह व्रत चन्द्रोदय व्यापिनी कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को किया जाता है। इस व्रत की तिथि का निर्णायक श्री गणेश चतुर्थी व्रत वाला ही है। धर्मसिन्धु के अनुसार यदि तृतीयायुक्त चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो और दूसरे दिन भी चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो, तो परयुक्ता अर्थात उदय व्यापिनी चतुर्थी तिथि ग्रहण करें। यदि दोनों दिन चतुर्थी में चंद्रोदय हो, तो पहली तृतीयायुक्त चतुर्थी को व्रत करें। परन्तु यदि दोनों दिन चतुर्थी में चन्द्रोदय न हो तो परयुक्ता चतुर्थी ही ग्रहण करें। अर्थात दूसरे दिन ही व्रत रखने की शास्त्राज्ञा है। इस वर्ष 9 अक्टूबर गुरुवार को तृतीया तिथि रात्रि 10:55 तक व्याप्त रहेगी। चन्द्रोदय लगभग सारे भारत मे तृतीया तिथि को सांय 7:15 से 8:00 बजे तक हो जाएगा। लेकिन 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को चतुर्थी तिथि सांय 7:39 बजे तक व्याप्त रहेगी। सम्पूर्ण भारत मे इस दिन चन्द्रोदय सांय 7:39 बजे के बाद ही होगा। ऐसे में दोनों दिन चतुर्थी तिथि चन्द्रोदय स्पर्श नही कर रही है। अर्थात चन्द्रोदय के समय चतुर्थी तिथि नही होगीं। अतः धर्मसिन्धु निर्णयानुसार करवा चौथ व्रत 10 अक्तूबर शुक्रवार को ही किया जाएगा।

# कूड़ा प्वाइंट बनेंगे सेल्फी प्वाइंट, आर्य नगर सेल्फी प्वाइंट की सफलता के बाद निगम का फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की है। नगर निगम ने आर्य नगर के कूड़ा प्वाइंट को आकर्षक सेल्फी प्वाइंट में बदल दिया है, जो अब स्थानीय लोगों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस सफल प्रयोग के बाद, शहर के अन्य कूड़ा प्वाइंट को भी सेल्फी प्वाइंट में बदलने की योजना है। नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के क्रम में इस पहल को शुरू किया है। मेयर किरण जैसल ने लोगों से अपील की है कि वे अपने स्रोत से निकलने वाले कूड़े का स्रोत-स्तरीय वर्गीकरण करें और कूड़े का निस्तारण केवल निगम की अधिकृत गाड़ियों को ही दें। आर्य नगर का सेल्फी प्वाइंट आकर्षक पेंटिंग्स, पौधारोपण और स्वच्छता संदेशों से सजा हुआ है। यह प्वाइंट न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की है और नगर निगम के प्रयासों की सराहना की है। उनका कहना है कि यह परिवर्तन न केवल सौंदर्यीकरण है, बल्कि जनजागरूकता का प्रतीक भी है। ज्वालापुर निवासी विकास कुमार ने बताया कि नगर निगम हरिद्वार पहल अच्छी है और ज्वालापुर में भी कई कूड़ा प्वाइंट हैं। जिन्हें सेल्फी प्वाइंट बनाया जाना चाहिए। वही कनखल निवासी योगेश दकुना ने बनाया कि कनखल में भी सभी कूड़ा प्वाइंट को सेल्फी प्वाइंट के रूप में परिवर्तित करना चाहिए।

नगर निगम ने सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों को अपने-अपने वार्डों में ऐसे बिंदुओं की पहचान कर उन्हें सौंदर्यीकरण और वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से स्वच्छता अनुकूल स्थल में परिवर्तित करने के निर्देश दिए हैं। इससे शहर के सभी कूड़ा प्वाइंट सेल्फी प्वाइंट में बदल जाएंगे और शहर की सुंदरता और स्वच्छता में वृद्धि होगी।

# भेल में राजभाषा सम्मान समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बीएचईएल में राजभाषा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जुलाई, अगस्त तथा सितम्बर में आयोजित की गई विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भेल महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए रंजन कुमार ने कहा कि बीएचईएल की उन्नति में हिंदी का अहम योगदान है। उन्होंने बताया कि बीएचईएल हरिद्वार के सभी कर्मचारी राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति समर्पित हैं। यह सामूहिक प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि हरिद्वार इकाई को हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु, लगातार विभिन्न मंचों से सम्मानित किया जा रहा है। इसके पूर्व महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं पुरस्कार विजेताओं का स्वागत करते हुए हरिद्वार प्रभाग में गत वर्ष के दौरान आयोजित की गई राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों एवं विशिष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में रंजन कुमार तथा संतोष कुमार गुप्ता ने राजभाषा उत्सव के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं, विभागीय राजभाषा वैजयंती, राजभाषा चक्रों के विजेताओं तथा बोर्ड परीक्षाओं में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान बीएचईएल हरिद्वार की गृह पत्रिका भेल गंगा का विमोचन किया गया तथा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान समारोह में उपस्थित लोगों ने अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने की शपथ ली। अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पार्थ सारथी गौड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) शशि सिंह तथा कार्यपालक (मानव संसाधन) सुश्री अवनि माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर समस्त महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, हिंदी समितियों एवं चक्रों के अध्यक्ष तथा सचिव एवं राजभाषा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# अनीस गौड़ के नेतृत्व में मजबूत होगा अल्पसंख्यक मोर्चा : मनव्वर

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनव्वर कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड का बुके देकर एवं फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष एजाज हसन, नसीम सलमानी, खुर्रम मलिक, राव जमीर मौजूद रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनव्वर कुरैशी कहा कि अनीश गौड को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से अल्पसंख्यकों के हितों में काम होंगे। राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ निश्चित रूप से अल्पसंख्यक समाज को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों के विकास में योगदान दे रही है। प्रदेश की जनता के हितों में अनेकों योजनाएं संचालित है। जिसका लाभ सभी वर्गों को समान रूप से प्राप्त हो रहा है। मनव्वर कुरैशी ने कहा कि भाजपा ही बिना भेदभाव के प्रदेश का विकास कर सकती है। अनीश गौड ईमानदार कर्मठ एवं जुझारू नेता है। उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताया। अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एजाज हसन ने प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित रूप से अल्पसंख्यकों के उत्थान में प्रदेश अध्यक्ष निर्णायक भूमिका निभाएंगे। युवा नेताओं का मार्गदर्शन भी होगा। केंद्र एवं राज्य की योजनाओं का भी प्रचार प्रसार तेजी के साथ किया जाएगा।

# दुकान, बुटीक में आग से लाखों का नुकसान

**काशीपुर।** रेडीमेड कपड़ों की दुकान और बुटीक में अचानक आग लग गई। भीषण आग के कारण दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे चंद्रावती कन्या महाविद्यालय के पास गढ़ीनेगी निवासी शेखर की कपड़ों की दुकान और एक बुटीक में आग लग गई। आग के तेजी से फैलने से दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पास के दुकानदारों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया।

# विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कराया

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने पति समेत तीन ससुरालियों पर दहेज में कार और आठ लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरीताल निवासी शैलजा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका विवाह 14 जनवरी 2024 को दिल्ली निवासी ऋषभ चौहान से हुआ था। शादी के कुछ ही दिनों बाद से ससुराल वाले क्रेटा कार और 8 लाख रुपए नकद की मांग करने लगे। आरोप लगाया है कि पति ऋषभ चौहान, सास स्नेहलता चौहान और ससुर राम सिंह चौहान ने कम दहेज लाने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

### जल संस्थान द्वारा सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन से

# टूटी सड़कों से ग्रामीणों को करना पड़ रहा है कठिनाइयों सामना

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायत में जल संस्थान द्वारा सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन से टूटी सड़को से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टूटी सड़क व लीकेज की शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा जिलाधिकारी को दी गई है। जिलाधिकारी ने जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम पंचायत धनपुरा, चांदपुर, पदार्था, फेरुपुर सहित दर्जनों गांव में जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल हर घर जल द्वारा किया गया निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। गांव में सड़के तोड़कर पाईप लाईन डालने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी लीकेज एव टूटी सड़को की मरम्मत का कार्य पूरा नही हुआ है। जिसकी शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य मुस्तफा अंसारी ने जिलाधिकारी के जनता दरबार मे दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आदेशित करते हुए जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया था। मगर एक माह बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। हर घर नल हर घर जल मिशन के अंतर्गत जो निर्माण कार्य होना था वह अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लीकेज होने से बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं जिसमें बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा टूटी सड़को की जल्द मरमत नही हुई तो जल संस्थान की घेराबंदी की जाएगी। ग्रामीणों में सलीम, जाकिर, शमशाद, दिलशाद, सोनी, दीपक, राकेश, बबलू, रहमान, मुनीस, सोनू, जीशान आदि मौजूद है। जल संस्थान के ऐई से फोन पर सम्पर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नही किया।



# श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े में संत समागम का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल सन्यास मार्ग स्थित श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े के श्रीमहंत सतीश गिरी महाराज ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत महापुरूषों ने सदैव समाज को राह दिखायी है।

अखाड़े में आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए श्रीमहंत सतीश गिरी महाराज ने कहा कि संसार में गुरू का स्थान सर्वोच्च है। संत रूपी गुरू के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान और दीक्षा से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रीमहंत सत्यम गिरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है। जगद्गुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित अखाड़े भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर कर सनातन धर्म संस्कृति का संरक्षण संवर्द्धन करने में अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने कहा कि संत महापुरूषों के श्रीमुख से प्रसारित आध्यात्मिक संदेशों से पूरे विश्व को मार्गदर्शन प्राप्त होता है। महंत जसविन्दर सिंह ने कहा कि स्थापना के बाद से ही अखाड़े सनातन धर्म और मानवता के संरक्षक की भूमिका प्रमुखता से निभा रहे हैं। श्रीमहंत मंगतपुरी ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत महापुरूषों के सानिध्य में आने वाले भक्तों का कल्याण अवश्य होता है। मनीष व्यास, सुरेंद्र पारिख, जय पारिख ने परिवार सहित सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। संत समागम में स्वामी राकेश गिरी, स्वामी प्रह्लाद गिरी, महंत गंगा गिरी, महंत सूर्यमोहन गिरी, महंत महेश्वरानंद, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंददास, स्वामी अनंतानंद, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी हरिवल्लभ दास शास्त्री, स्वामी नागेंद्र, स्वामी कृष्णानंद, महंत निर्भय सिंह, महंत सूर्यांश मुनि, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनशे दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# सहकारिता सामाजिक समरसता ग्रामीण विकास की आत्मा:ऋतु

■ श्रीनगर में जनपद स्तरीय सहकारिता मेले का शुभारंभ
सहकारिता आंदोलन ग्रामीण विकास की रीढ़:डॉ. रावत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्रीनगर के आवास विकास मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय सहकारिता मेले का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्षा ऋतु भूषण खंडूरी ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मौके पर विधानसभा अध्यक्षा ऋतु भूषण खंडूरी ने जिला स्तरीय सहकारिता मेले के पहले दिन लगाये गये विभागीय स्टॉल्स का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास की आत्मा है। उन्होंने कहा कि आज जब महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आगे बढ़ रही हैं।

केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज की उन्नति का संकेत है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता को केवल योजना तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि इसे रोजगार, उद्यमिता और ग्रामीण समृद्धि का व्यापक आंदोलन बना रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक गांव को सहकारिता से जोड़ा जाए, इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्षा एवं कैबिनेट मंत्री ने पशुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले तीन समूहों धारी देवी स्वयं सहायता समूह पोखरी, सुखरो देवी स्वयं सहायता समूह सुखरो और निर्मल स्वयं सहायता समूह पदमपुर सुखरो को 5-5 लाख रुपये के चेक वितरित किये। साथ हीपशुपालन व मुर्गीपालन का कार्य करने वाले अन्य लाभार्थियों अनूप सिंह, अर्जुन सिंह, मानवेन्द्र सिंह और जयपाल सिंह को 1.50-1.50 लाख रुपये के जबकि प्रेमलाल, राजेन्द्र सिंह और सुशिला देवी को प्रत्येक 1.60 लाख के चेक वितरित किये। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवन्त, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, निवर्तमान अध्यक्ष गढ़वाल मण्डल संपत सिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष डीसीबी नरेंद्र सिंह रावत, निवर्तमान अध्यक्ष यूसीएफ मातबर सिंह रावत, जिला सहायक निबंधक पान सिंह राणा, निदेशक इफको उमेश त्रिपाठी, एवं महावीर प्रसाद कुकरेती सहित जनमानस उपस्थित था।

# विवि के संस्थापक ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मेरठ स्थित स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के संस्थापक डा. अतुल कृष्ण ने ब्राइट एंजल स्कूल जीवनगढ़ पहुंचकर बच्चों के समक्ष अपने जीवन से जुड़े प्रेरणादायक अनुभव साझा कर छात्र छात्राओं का मार्ग दर्शन किया।



डा. अतुल कृष्ण ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों ने किस प्रकार अपने देश को सर्वोपरि माना और 'इंकलाब जिंदाबाद, वंदेमातर्म, जय हिंद' जैसे नारों के माध्यम से देशवासियों में देशभक्ति की भावना जागृत की। उन्होंने कहा कि आज के जीवन में हम सबको भी क्रांतिकारियों की विचारधारा को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हम सबको समाज से भ्रष्टाचार को दूर करने, आपसी भाईचारे को बढ़ाने और सकारात्मक सोच को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

डा. अतुल कहा हमें अपने जीवन में पंचशील सिद्धांतों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं से यह भी कहा कि उन्हें अपने जन्म दिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। डा. अतुल ने कर्नाटक में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले कक्षा चार के हातीम अली को सम्मानित भी किया।इस मौके पर विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन, निदेशिका अजरा हुसैन, प्रधानाचार्या राणा अलमास, अलाउद्दीन अहमद, पंजाब सिंह, प्रदीप कौर, एकता रावत, प्रीति नेगी, विनय गुप्ता, सोनी राणा आदि मौजूद रहे।

## डीएम पौड़ी को सौंपा ज्ञापन, जल्द ट्रीटमेंट का मिला आश्वासन

**नई टिहरी।** नगर के वार्ड चार स्थित बाह बाजार में नृसिंहाचल पहाड़ी से हो रहे लगातार भूस्खलन ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है। पहाड़ी से गिरती भारी चट्टानों और मलबे के कारण पिछले तीन महीनों में दो बार बड़े हादसे टल चुके हैं। इसी समस्या को लेकर प्रभावितों ने पौड़ी जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया से भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रभावितों ने मांग की कि नृसिंहाचल से हो रहे भू-स्खलन का स्थायी समाधान निकालने के लिए तत्काल ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया जाए।डीएम पौड़ी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र के भूस्खलन प्रभावित हिस्से का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

# बदहाली का शिकार हुआ नागथात का जिला पंचायत डाक बंगला

■ अब खंडहर बनने की कगार पर
सुध नही ली, तो इमारत शीघ्र ही खंडहर बनकर इतिहास के पन्नों में समा जाएगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** अतिथियों के ठहरने के लिए बनाए गए जिला पंचायत के डाक बंगले की आज हालत जर्जर हो चुकी है। कालसी ब्लॉक के अंतर्गत नागथात में स्थित यह भवन अब अपनी उपयोगिता खो चुका है और यहां कुत्ते, बकरियां और खेती-बाड़ी के औजारों का ठिकाना बन गया है।

ब्रिटिश काल में नागथात में एक सुंदर डाक बंगला हुआ करता था, जिसकी ढलानदार लोहे की छत और कलात्मक बनावट उस समय की शिल्पकला का उदाहरण थी। मसूरी से चकराता की यात्रा के दौरान अंग्रेज अधिकारी यहां ठहरते थे। आजादी के बाद यह भवन धीरे-धीरे जर्जर होता गया और अंततः ध्वस्त कर दिया गया। इसके पश्चात वर्ष 2000 के आसपास देहरादून जिला पंचायत द्वारा नए विश्रामगृह के निर्माण का टेंडर जारी किया गया, लेकिन निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल के कार्यकाल में इस नए बंगले का निर्माण कराया गया था, परंतु यह भवन कभी भी अपने उद्देश्य के अनुरूप उपयोग में नहीं आ सका। न तो इसमें फर्नीचर की व्यवस्था की गई और न ही अतिथियों के ठहरने योग्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

नागथात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान का गृहक्षेत्र भी रहा है, जिन्हें दो बार यह पद संभालने का अवसर मिला। बावजूद इसके, पर्यटन विकास की दिशा में यहां कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। विकासनगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान, रामशरण नौटियाल और मधु चौहान जैसे जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी के बावजूद डाक बंगले की दशा सुधारने की कोशिश नहीं की गई। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि नागथात जैसी प्राकृतिक सुंदरता वाली जगह पर यदि आधुनिक और सुसज्जित विश्रामगृह विकसित किया जाए, तो यह क्षेत्रीय पर्यटन को नई ऊंचाई दे सकता है। इससे न केवल पर्यटक बल्कि राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिनिधि भी यहां ठहरकर स्थानीय जनता से संवाद कर सकते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब जिला पंचायत भवन की जगह को खेल मैदान के रूप में विकसित किए जाने की योजना बन रही है, जबकि पंचायत भवन के लिए अन्य स्थान पर भूमि उपलब्ध कराई गई है। फिलहाल, नागथात का यह डाक बंगला प्रशासनिक उपेक्षा और भ्रष्ट निर्माण कार्यों की कहानी बयां कर रहा है। यदि समय रहते इसकी सुध नहीं ली गई, तो यह इमारत शीघ्र ही खंडहर बनकर इतिहास के पन्नों में समा जाएगी।

**एक नजर .......**

## मथैऊ गांव में दिनदहाड़े गुलदार का हमला

**चकराता।** विकासखंड कालसी के मथैऊ गांव में मंगलवार दोपहर गुलदार के हमले से हड़कंप मच गया। गुलदार ने दिनदहाड़े तीन बकरियों को मार डाला, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मथेऊ निवासी राजेश चौहान पुत्र महावीर सिंह अपनी बकरियों को नावी खंड क्षेत्र में चरा रहे थे। इसी दौरान गुलदार झाड़ियों में छिपकर बैठा था और अचानक हमला बोल दिया। देखते ही देखते उसने तीन बकरियों को मार डाला और शवों को घसीटते हुए जंगल की ओर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वन विभाग को दी। विभागीय टीम तुरंत स्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन कर्मियों ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया। राजेश चौहान ने बताया कि हाल के दिनों में आसपास के जंगलों में गुलदार की गतिविधियां बढ़ी हैं। घने जंगल और खरपतवार के कारण जंगली जानवर अब गांव की सीमाओं तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले ही उनके पास कम बकरियां थीं, अब तीन बकरियों के मारे जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## करवाचौथ पर्व पर बाजार में रौनक बढ़नी शुरू



**विकासनगर।** करवा चौथ और दीपावली त्यौहार को लेकर बाजार में लोगों के साथ महिलाओं की काफी रौनक बढ़नी शुरू हो गई है। पछवादून के बाजारों में महिलाएं करवा चौथ के लिए खूब खरीददारी कर रही हैं। इस साल करवाचौथ 10 अक्टूबर शुक्रवार को पड़ रहा है। इसके साथ ही दो दिन से रूक रूक कर हो रही बारिश से दुकानदारों के चेहरे लटकते नजर आ रहे हैं। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और रात में चांद देखने के बाद अपना व्रत तोड़ती हैं। माना जाता है कि इस दिन अगर सुहागिन स्त्रियां उपवास रखें तो उनके पति की उम्र लंबी होती है और उनका गृहस्थ जीवन सुखी रहता है। महिलाओं ने करवा चौथ पर सुनाई जाने वाली वीरवती की कथा की किताब और मिट्टी से बने शिव परिवार की प्रतिमाएं व मिट्टी व धातु के करवा की खरीददारी करनी शुरू कर दी है। सिनेमा गली, पहाड़ी गली, कालेज रोड, गुरुकृपा कांप्लेक्स, अस्पताल रोड, 28 फीटा रोड, रसूलपुर चौक, सहसपुर, डाकपत्थर, हरबर्टपुर के बाजारों में खासी चहल-पहल हो रही है। महिलाओं संग युवतियों ने भी पूजा सामग्री की खरीददारी कर रही हैं। महिलाओं द्वारा धातु की तुलना में मिट्टी के करवे काफी पंसद किए जा रहे हैं।

# दलित जज पर जूता फेंकने की घटना को लेकर कांग्रेसियों में उबाल

■ अत्यंत निंदनीय घटना, गंभीरता से ले केंद्र सरकार: नवप्रभात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बाबा साहब की प्रतिमा के सामने आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग एवं कांग्रेस के सर्वसमाज के कार्यकर्ताओ ने सर्वोच्च न्यायालय के दलित जज पर हुए अपमानजनक हमले के खिलाफ कड़ा विरोध जताया।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा यह अत्यंत निंदनीय घटना है और केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश तक सुरक्षित नहीं हैं, यह सोचनीय बात है। दलित समाज के सम्मान और संविधान की रक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए हर कदम उठाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि समाज के किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव या अपमान नहीं हो।

प्रदेश उपाध्यक्ष एससी डिपार्टमेंट डिम्पल सिंह ने कहा कि, यह घटना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि पूरे दलित समाज के आत्मसम्मान और न्याय के अधिकार पर हमला है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश उपाध्यक्ष (सोशल मीडिया) बलजीत सिंह और प्रदेश प्रवक्ता एससी डिपार्टमेंट श्रवण ओझा ने कहा कि सीजेआई पर जूता फेंका जाना विचारधारा विशेष की न्यायपालिका को स्पष्ट चेतावनी है कि या तो उनकी हर बात को मानो अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहो, यह सीधे तौर पर आम आदमी को मिलने वाले न्याय की प्रक्रिया पर बड़ा हमला है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग ने कहा कि, 'यह घटना पूरे देश के हर समाज की आवाज को दबाने का प्रयास है। हम शांतिपूर्ण और संवैधानिक रूप से इस अन्याय के खिलाफ खड़े हैं और न्याय की मांग करेंगे। कार्यक्रम में विकासनगर नगर पालिका अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, जिला अध्यक्ष एससी विभाग राजेश पासी, जिला उपाध्यक्ष एससी विभाग इसम सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष एससी डिपार्टमेंट बंसी लाल, शहर अध्यक्ष एससी डिपार्टमेंट रोहित कुमार, किशन सिंह, अंकित सोनकर, ईरान सिंह, आशु, जगदीश, रामस्वरूप, राजेश कुमार, अंकित कुमार, संयम कुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नृसिंहाचल पहाड़ी से जारी भूस्खलन ने ढ़ाई बाह बाजार की चिंता

सभासद विमल मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे प्रभावितों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि देवप्रयाग के बाह बाजार क्षेत्र में बीती 14 जुलाई को नृसिंहाचल पहाड़ी से हुए भारी भूस्खलन में तीन आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए थे, जबकि एक पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस समय सांसद अनिल बलूनी, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया था। उन्होंने तत्काल राहत और भूस्खलन क्षेत्र के ट्रीटमेंट का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## सात दिन में हुआ आपदाग्रस्त क्षेत्र बटोली का सड़क से कनेक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिला प्रशासन ने बरसात थमते ही 7 दिन भीतर ही आपदाग्रस्त क्षेत्र बटोली को संपर्क मार्ग से जोड़ दिया है। अब बटोली गांव में वहां पहुंचने लगे हैं।

सहसपुर ब्लॉक मिसराज पट्टी के सुदूरवर्ती गांव बटोली का सड़क संपर्क टूटने पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने प्रभावितों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी थी। अतिवृष्टि के कारण खाई युक्त बने टीले में परिवर्तित शेरू खाला के रास्ता, जिसे बनाने में महीनों का समय लगता, जिला प्रशासन ने तब रातों रात रास्ता तैयार कराने के साथ ही वैकल्पिक मार्ग भी बनाया था।

जिलाधिकारी सविन बसंल का 11 जुलाई को किए गए आपदाग्रस्त क्षेत्र बटोली भ्रमण क्षेत्र के लिए कारगर साबित हुआ है।

जहां डीएम ने क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी विद्युत, पेयजल समस्या का समाधान के लिए एक हफ्ते के भीतरी ही बजट जारी कर दिया था। जिलाधिकारी ने धनराशि जारी करते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए थे।

जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर ही अपना कमिटमेंट पूर्ण करते हुए क्षेत्रवासियों को वर्षों पुरानी विद्युत, पेयजल समस्या से स्थायी समाधान कर किया था और अब गांव में सड़क पहुंच कर आपदा प्रभावित गांव को संपर्क से जोड़ दिया है।

# खुरपका-मुंहपका की रोकथाम को टीकाकरण शुरू

■ अभियान के तहत जनपद के सभी पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में खुरपका-मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए 7वें चरण के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) वरुणा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सीडीओ ने सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया और संबंधित अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पशुपालक अपने मवेशियों को टीका लगवाएं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में वर्तमान में लगभग 1,60,000 (एक लाख साठ हजार) बड़े गौवंशीय एवं महिशवंशीय पशु और 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) भेड़-बकरियां हैं, जिनका टीकाकरण इस चरण में किया जाएगा। इसके लिए जनपद स्तर पर कुल 78 टीमें गठित की गई हैं, जो क्षेत्रवार अभियान चलाएंगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत सभी पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें निराश्रित पशु एवं गौशालाओं में रखे गए मवेशी भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका बीमारी अत्यंत संक्रामक होती है, इसलिए समय पर टीकाकरण कर पशुओं की सुरक्षा आवश्यक है।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी चंबा डॉ. पी.के. सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी नई टिहरी डॉ. राजेश रतूड़ी, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी छाम डॉ. बी.के. तोमर, पशु चिकित्साधिकारी नकोट डॉ. अभिषेक, पशु चिकित्साधिकारी सचल डॉ. शाहजहां, पशु चिकित्साधिकारी धारकोट डॉ. कोमल, डॉ. मोहम्मद आलिम एवं डॉ. मेघा भंडारी सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सीडीओ ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि यह अभियान पशुओं के स्वास्थ्य और जिले की पशुधन संपदा की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक पशुपालकों को इस अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया।

## जवाड़ी बाईपास पर स्थित पुल की एप्रोच रोड हुई क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जवाड़ी बाईपास लगातार क्षतिग्रस्त होता जा रहा है, जिससे बाईपास पर वाहनों का संचालन करना भी मुश्किल हो गया है। सोमवार रात्रि में हुई बारिश के चलते जवाड़ी बाईपास पुल की एक तरफ की एप्रोच रोड़ क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां से केदारनाथ हाईवे की तरफ होने वाला आवागमन पूर्ण रूप से बन्द हो गया है। इस बार के मानसूनी सीजन में यह सड़क जमीन धंसने के कारण कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुई है। हाईवे क्षतिग्रस्त होने के कारण सभी वाहनों का संचालन रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार से बद्रीनाथ हाईवे से हो रहा है, जिस कारण हाईवे पर दिनभर जाम लगता रहा और यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोग भी काफी परेशान रहे। दरअसल, जवाड़ी बाईपास लगातार धंस रहा है। जिस कारण बाईपास पर वाहनों का संचालन करने में मुश्किल हो रही है। जिस कारण बद्रीनाथ धाम सहित केदारनाथ धाम और चमोली व रुद्रप्रयाग जनपद के सभी वाहनों का संचालन रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार से हो रहा है। बाईपास पर स्थित पुल के एप्रोच रोड़ के दुरुस्त होने व मार्ग के सुचारु होने तक तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ व केदारघाटी के लिए वाहनों का आवागमन कस्बा रुद्रप्रयाग से बेलनी पुल होते हुए संचालित कराया जा रहा है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार रात जागरण के बाद मंगलवार सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरांत दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर चलने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।



दोपहर वन गेट बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा आरती के साथ प्रारंभ होकर, केलाना डाकघर, वीर केसरी मार्केट, सदर बाजार होते हुए छावनी बाजार के अमोली मोहल्ला स्थित वाल्मीकि मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे महर्षि वाल्मीकि एवं लव-कुश का स्वरूप लिए युवा चल रहे थे, जिनके पीछे महर्षि वाल्मीकि की पालकी निकाली गई। बैंड की मधुर धुनों पर महिलाएं और पुरुष भक्ति भाव से नृत्य करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन गया। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और प्रसाद वितरण के लिए स्टॉल लगाए गए।अमोली मोहल्ला स्थित वाल्मीकि मंदिर में शोभायात्रा के पहुंचने पर धर्म ध्वज का ध्वजारोहण किया गया और सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रधान अनिल वोहरा, उपप्रधान नाथी राम, सचिव ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष परवीन कुमार, धर्मेंद्र, अरविंद कुमार, शुभम, मोहित, भूषण, रुद्र, अंश कुमार, आरव, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चकराता में बढ़ी सर्दी, दिसंबर जैसी ठंड से लोगों ने लिया आग का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही ठंड ने दिसंबर की याद दिला दी है। सोमवार से खराब हुए मौसम ने ठिठुरन इतनी बढ़ा दी कि लोगों को गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ा। मंगलवार को तापमान में और गिरावट दर्ज की गई, जिससे स्थानीय लोग घरों में दुबके नजर आए।मौसम के बिगड़ने से छावनी बाजार और आसपास के क्षेत्र दिनभर सुनसान रहे। दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा और व्यापारियों में मायूसी झलकती दिखी। कई व्यापारी दुकानों में हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेते देखे गए। बाजार का माहौल ऐसा लग रहा था मानो यहां कोई रहता ही नहीं।

मौसम विभाग के अनुसार ऊंची पहाड़ियों पर सोमवार रात से ही हल्की बारिश और ऊंची पहाड़ियों इलाकों में ओला वे बर्फबारी हुई, जिसके चलते तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। बर्फबारी के बाद ठंड का असर मैदानों तक महसूस किया गया। स्थानीय निवासियों देवेंद्र सिंह चौहान,मनोज सिंह,अनिल,शूरवीर, बोबी आदि का कहना है कि इस बार सर्दी ने सामान्य से पहले दस्तक दी है, जिससे लोग आश्चर्यचकित हैं। ठंड के चलते लोग अब गर्म कपड़ों की खरीदारी करने लगे हैं, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को ठिठुरन से खासा सामना करना पड़ रहा है।

# निविदा की शर्तों में बदलाव से ठेकेदारों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** अस्थाई खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 अक्टूबर को आमंत्रित निविदा प्रक्रिया में लगाए गए जटिल नियमों को लेकर जौनसार-बावर ठेकेदार संगठन ने नाराजगी जताई है। संगठन ने निविदा की अंतिम तिथि 10 दिन आगे बढ़ाने की मांग करते हुए अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।



लोक निर्माण खंड चकराता के ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष शमशेर सिंह चौहान ने बताया कि विभाग ने दस लाख रुपये से अधिक की निविदाओं में प्रतिभाग करने के लिए ई-चालान, अनुभव प्रमाणपत्र और सीए द्वारा प्रमाणित दस्तावेजों जैसी कई औपचारिकताओं को अनिवार्य कर दिया है। इन जटिल नियमों के कारण स्थानीय व छोटे ठेकेदार निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन पर संगठन के अध्यक्ष शमशेर सिंह चौहान के साथ अरविंद चौहान, संसार सिंह, रणवीर सिंह तोमर, प्रभाकर जोशी, इंद्र सिंह, कलम सिंह सहित अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।वहीं, अधिशासी अभियंता वी.एन. मोघा ने दूरभाष पर बताया कि निविदा प्रक्रिया में लागू नियम शासन स्तर से जारी शासनादेशों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार संगठन के आग्रह पर निविदा की तिथि को एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

■ निविदा तिथि बढ़ाने की मांग को अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

# झांकियों में दिखा महर्षि वाल्मीकी का जीवन दर्शन

## प्रकट उत्सव पर हल्द्वानी-काठगोदाम में निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाल्मीकि समुदाय की तरफ से महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर शहर में कई स्थानों पर पूजा अर्चना की गई। मंगलवार शाम को बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर से तिकोनिया स्थित बाल्मीकि पार्क तक ढोल नगाड़ों के बीच धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान वाल्मीकि समाज के गणमान्यजन समेत बच्चे और महिलाएं शामिल रहीं। शोभायात्रा में राम दरबार और संविधान निर्माता डा.भीमराव आंबेडकर की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान भगवान वाल्मीकि के जयकारों से माहौल गुंजायमान हो गया। भगवान वाल्मीकि जयंती पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। बैंडबाजों संग निकाली गई भव्य शोभयात्रा में भगवान वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर आधारित भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी थी। जिसमें काली का अखाड़ा के साथ ही शिव पार्वती, श्रीराम, सीता व लक्ष्मण, राधा कृष्ण, लव-कुश और राम दरबार सहित कई झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में लोगों ने जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक आदर्श दृष्टिकोण देने का कार्य किया था। जिसे आज समस्त समाज लाभांवित हो रहा है। समाज का उत्थान तभी संभव है जब भगवान वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। वहीं काठगोदाम नईबस्ती वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना कर बाल्मीकि समुदाय की तरफ से महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर शहर में शोभायात्रा निकाली।

जो नईबस्ती से काठगोदाम, चुंगी, रेलवे चौराहा, कॉलटैक्स चौराहा, शीशमहल होते हुए वापस नईबस्ती वाल्मीकि मंदिर में आकर सपंन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर आधारित भव्य झांकियों में काली का अखाड़ा के साथ ही शिव पार्वती, श्रीराम, सीता व लक्ष्मण, राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान शोभायात्रा में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर शहर की कई गणमान्य हस्तियों समेत अजय राजौर, गंगा जायसवाल, सचिन भारती, ललित वाल्मीकि, आशु वाल्मीकि, रोहित कुमार, अमित कुमार, राम अवतार राजौर, सुरेश लाला, अमरद. ीप चौधरी, अशोक राज, मोना, आलोक, प्रशांत, पार्षद धर्मवीर, रवि वाल्मीकि आदि रहे।









## पुष्प वर्षा कर शिवसैनिकों ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शिव सैनिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर, बरेली रोड से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, लव-कुश और राम दरबार सहित अनेक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, कृतियों एवं उनके योगदान को लेकर जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस मौके पर शिव सैनिकों ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान शिव सैनिकों के प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू, जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, नगराध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन मंत्री अशोक सिंधी, प्रमोद आर्या, समाजसेवी हेमंत साहू, पार्षद प्रीति आर्या, प्रदीप पाठक, मनोज अग्रवाल, राजेश साहू, सुशील गुप्ता, आयुष वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



## रामायण की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भगवान वाल्मीकी जयंती के अवसर पर एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तिकोनिया स्थित वाल्मीकि पार्क में माल्यार्पण कर उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि उन्होंने सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं उनके सभी भाईयों ने भगवान वाल्मीकि से शिक्षा प्राप्त की थी। भगवान वाल्मीकि ने समाज को ऊंच-नीच, जात-पात से ऊपर उठकर मानवता और सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रामायण के आदर्शों को अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। कार्यक्रम में संगठन के सह-संयोजक राजेश ठाकुर, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, नगराध्यक्ष शशि गुप्ता, लक्ष्मी देवी, लीलाधर आर्य, सलीम अहमद, मंजू आर्या, संदीप कुमार, जीतू सागर, राजेश ठाकुर, राहत मसीह, आशु वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे।



# 'बटोली' को मिली सड़क घर पहुंचने लगे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के निर्देशों और जिलाधिकारी सविन बंसल की संवेदनशीलता से प्रेरित होकर आपदाग्रस्त क्षेत्र बटोली को बड़ी राहत दी है। बरसात थमते ही जिला प्रशासन ने महज सात दिन के भीतर ही बटोली गांव को संपर्क मार्ग से दोबारा जोड़ दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अब गांव तक वाहन पहुंचने लगे हैं।

सहसपुर ब्लॉक की मिसराज पट्टी के इस सुदूरवर्ती गांव में अतिवृष्टि के कारण सड़क संपर्क टूट गया था। 11 जुलाई को डीएम बंसल ने आपदाग्रस्त बटोली का दौरा कर न केवल प्रभावितों की समस्याएं सुनीं, बल्कि राहत और पुनर्वास कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग भी शुरू की। डीएम के 11 जुलाई के निरीक्षण का असर यह हुआ कि उन्होंने क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी विद्युत और पेयजल समस्या का भी स्थायी समाधान करने का कमिटमेंट किया था। उन्होंने एक हफ्ते के भीतर ही इस काम के लिए बजट जारी कर दिया था। पेयजल लाइन सुधारने के लिए 3.79 लाख की धनराशि जारी की गई। बाधित विद्युत लाइन के स्थायी समाधान के लिए 2.19 लाख की धनराशि जारी की गई।आर्थिक सहायता: प्रभावित परिवारों को मौके पर ही तीन महीने के लिए घ्4-4 हजार प्रतिमाह की दर से एडवांस धनराशि भी जारी की गई थी। डीएम के निर्देश पर, जहां एक ओर रिकॉर्ड टाइम में विद्युत व पेयजल का स्थायी समाधान किया गया, वहीं अब सड़क को भी रिकॉर्ड टाइम में गांव तक पहुंचा दिया गया है।

# फार्मासिस्ट की अनदेखी से स्वास्थ्य सेवा में बड़ा खतरा

## सरकार से भूमिका सुनिश्चित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वास्थ्य सेवा की तीन प्रमुख विधाएं चिकित्सक, नर्स और फार्मासिस्ट मुख्य होती है। ऐसे में फार्मेसी विभाग की अनदेखी से देशभर में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा हो रहा है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती और प्रदेश महामंत्री डा. सतीश चंद्र पाण्डेय ने सरकार से कड़े नियमों के पालन और फार्मासिस्ट की भूमिका को सुनिश्चित करने की मांग की है। फार्मासिस्ट की भूमिका केवल दवाइयां देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रिस्क्रिप्शन की समीक्षा, रोगी की दवा की जरूरत और दुष्प्रभावों के मूल्यांकन के साथ-साथ रोगी की काउंसिलिंग भी करते हैं। इसके बिना दवाओं का गलत उपयोग, दवा प्रतिरोध (एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस) और जानलेवा परिणाम हो सकते हैं। हालांकि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940, फार्मेसी एक्ट, 1948 और फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन, 2015 में स्पष्ट किया गया है कि दवाइयों का कार्य केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट कर सकते हैं, लेकिन देश के कई हिस्सों में यह नियम केवल कागजों में रह गए हैं। निजी क्षेत्र में तो दुकानदार खुद दवाएं बांटते हैं, वहीं सरकारी अस्पतालों और हेल्थ वेलनेस सेंटरों में पदों की कमी और अनुचित व्यवस्था के कारण नर्सेज या अप्रशिक्षित कर्मी दवाइयां बांटने लगे हैं। विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मासिस्ट का पद होना अनिवार्य मानकों के अनुरूप नहीं है। बड़े अस्पतालों में एक फार्मासिस्ट पर अत्यधिक रोगी आने के कारण उचित फार्मेसी प्रैक्टिस नहीं हो पाती। इससे न केवल रोगियों को सही दवाएं नहीं मिल पातीं, बल्कि गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आते हैं, जिनमें हाल के कफ सीरप से हुई मौतें भी शामिल हैं। सुधा कुकरेती और डा. सतीश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट को दवाइयों की डिस्पेंसिंग की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। इसके साथ ही सरकार को ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट और फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन को कड़ाई से लागू कर, फार्मेसी विभाग को मजबूत बनाना होगा ताकि जनता का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

# आजीवन कारावास की सज़ा के मामले पर सुनवाई

## हल्द्वानी थाने में कांस्टेबल की हत्या के मामले में आरोपी की अंतिम सुनवाई 13 अक्टूबर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने वर्ष 2017 में हल्द्वानी थाने में तैनात विमला गुंजियाल का भाई कान्स्टेबल को अभियुक्त के द्वारा थाने में ही सरिया घुसेड़कर कर हत्या करने पर अभियुक्त को हल्द्वानी कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के आधार पर मामले की शीघ्र सुनावाई के लिए 13 अक्टूबर की तिथि तय की है। मामले के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायलय को निर्देश दिया था कि अभियुक्त के मामले की शीघ्र सुनवाई की जाए और अभियुक्त को जेल से सुरक्षा के साथ कोर्ट में पेश किया जाए। बीते 22 सितम्बर को अभियुक्त को सुरक्षा के साथ पेश किया गया। जिस पर कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 13 अक्टूबर की तिथि तय की है। मामले के अनुसार अभियुक्त राजेन्द्र कुमार ने पुलिस कान्स्टेबल पर आरोप लगाया था कि उसे बार बार थाने में बुलाकर प्रताड़ित कर रही है। जबकि वे इन केसों में शामिल ही नही थे। पुलिस की गलती के कारण आज वे आजीवन की सजा भुगत रहे रहे हैं। निचली अदालत ने सजा दिए जाने के दौरान गवाहों का पूरा न्यायिक परीक्षण नही किया। उन्हें आजीवन कारावास की सजा दे दी गई। इससे पहले भी उनके द्वारा पैरोल पर छोड़े जाने के लिए उच्च न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसे उच्च न्यायलय ने आधारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। इसके बाद उनके द्वारा मामले की शीघ्र सुनवाई के लिए सर्वोच्च न्यायलय की ली। सर्वोच्च न्यायलय ने उच्च न्यायलय को निर्देश दिए कि इस मामले को प्राथमिकता से लेकर इसका निस्तारण करें। हुई सुनवाई के दौरान अभियुक्त का अधिवक्ता कोर्ट के मौजूद न होने के कारण वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद वशिष्ठ को इस मामले की पैरवी करने के लिए न्याय मित्र नियुक्त किया है। अब मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।



## पॉक्सो में बंद शुएब की ज़मानत मंजूर

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पॉक्सो और अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज मामले में न्यायिक हिरासत में बंद सोएब को जमानत दे दी है। सोएब पर हरिद्वार जिले के एक थाने में मुकदमा दर्ज था। सोएब की ओर से न्यायालय को बताया कि अभियोजन पक्ष के महत्वपूर्ण गवाहों ने उनके मामले का समर्थन नहीं किया है। उन्होंने यह जानकारी दी कि पीड़िता के पिता जो कि मुखबिर भी हैं, ने अपनी जिरह में अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया है। पीड़िता व उसकी मां भी आरोपों से मुकर गए हैं। इसके अतिरिक्त, डाक्टर के बयान के अनुसार, पीड़िता की हाइमन अक्षुण्ण थी, जिससे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर संदेह पैदा होता है और यह भी बताया कि सोएब 21 सितम्बर 2024 से न्यायिक हिरासत में है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। न्यायालय ने इस बात पर बल दिया कि जमानत एक नियम है और जेल भेजना एक अपवाद है और जमानत से इनकार करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर एक प्रतिबंध है। न्यायालय ने कहा कि विचाराधीन व्यक्ति को हिरासत में रखने का उद्देश्य दंड नहीं बल्कि मुकदमे के दौरान उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करना है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर ली।

## 66 क्वार्टर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** स्कूटी में शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को हीरानगर पुलिस ने रात्रि चैकिंग के दौरान भोलानाथ गार्डन टेंपो स्टैंड के पीछे से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 66 क्वाटर (दो पेटी) अवैध शराब बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाल अमर चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। तभी भोलानाथ गार्डन टेंपो स्टैंड के पास एक स्कूटी संख्या यूके04वी-1916 आती दिखाई दी। जिससे रोककर स्कूटी की तलाशी ली तो स्कूटी की डिग्गी से 66 क्वाटर अंग्रेजी अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम मोहन चंद कोली पुत्र दनीराम कोली निवासी मुंगली गार्डन हल्द्वानी बताया। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया।

## कंकाल का पोस्टमार्टम किया

**हल्द्वानी।** रुद्रपुर के सीरगोटिया इलाके में कुछ दिन पहले मिले कंकाल की शिनाख्त न होने पर मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया।

## अनुपमा गुलाटी हत्या में सुनवाई 28 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायलय ने देहरादून के चर्चित अनुपमा गुलाटी हत्याकांड के मामले में आजीवन की सजा काट रहे राजेश गुलाटी के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद उनके अधिवक्ता के द्वारा अतरिक्त सबूत पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा गया। जिसपर खण्डपीठ ने उन्हें अतरिक्त समय देते हुए अगली सुनवाई केलिए 28 अक्टूबर की तिथि नियत की है। हुई सुनवाई के दौरान गुलाटी की तरु से कहा गया कि उनके पास कुछ और सबूत भी है जो पूर्व में सुनवाई के दौरान न्यायलय में पेश न हो सके उन्हें पेश करने का समय दिया जाए। जिसपर कोर्ट ने मामले की पुनः सुनवाई कर उन्हें अवसर देते हुए अगली सुनवाई के लिए 28 अक्टूबर की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई बीते कल न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार राजेश गुलाटी ने अपनी पत्नी अनुपमा गुलाटी की निर्मम हत्या 17 अकटुबर 2010 को की थी और शव को छुपाने के लिए उसने शव के 72 टुकड़े कर डीप फ्जि में डाल दिया था । 12 दिसम्बर 2010 को अनुपमा का भाई दिल्ली से देहरादून आया तो हत्या का खुलासा हुआ। देहरादून कोर्ट ने राजेश गुलाटी को 1 सितम्बर 2017 को आजीवन कारावास की सजा सुनवाई और 15 लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया जिसमे से 70 हजार राजकीय कोष में जमा करने व शेष राशि उसके बच्चों के बालिक होने तक बैंक में जमा कराने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इस घटना को जघन्य अपराध की श्रेणी में माना। राजेश गुलाटी पेशे से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और 1999 में लव मैरिज करके शादी की थी राजेश गुलाटी ने इस आदेश को हाइकोर्ट में 2017 में चुनोती थी। आज उनकी तरफ से अपील में इलाज के लिए जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया गया।

## नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2024: हाईकोर्ट से अभ्यर्थियों को राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2024 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने आदेश दिया है कि 11 मार्च 2024 के विज्ञापन के तहत अभ्यर्थियों की आयु की गणना 1 जुलाई 2020 से की जाए। यह फैसला उन सैकड़ों उम्मीदवारों के लिए राहत लेकर आया है जो पिछली रद्द हुई भर्तियों के कारण ओवरएज हो गए थे। याचिकाकर्ताओं ने मेडिकल सर्विस सिलेक्शन बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन की शर्त संख्या 7 को चुनौती दी थी, जिसमें आयु की कट-ऑफ 1 जुलाई 2023 तय की गई थी। कोर्ट ने माना कि देरी के लिए अभ्यर्थी जिम्मेदार नहीं हैं और पिछली भर्तियों की तिथि ही मान्य होनी चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने बोर्ड को निर्देश दिया कि जिन अभ्यर्थियों को अंतरिम आदेश के तहत परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई थी, उनका परिणाम तत्काल घोषित किया जाए।

## मृतक गायक पप्पू कार्की के आश्रितों को 90 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बीमा कंपनी की अपील खारिज करते मृतक गायक पप्पू कार्की के आश्रितों को 90 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर एक अपील को खारिज करते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें एक दुर्घटना में मारे गए पेशेवर गायक परवेंद्र सिंह उर्फ पप्पू कार्की के आश्रितों को 90 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। एकल पीठ ने बीमा कंपनी के उन तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें मृतक की आय और वाहन चालक की लापरवाही पर सवाल उठाया गया था। यह मामला 09 जून 2018 को हुई एक दुर्घटना से संबंधित है, जब गौनियारो हैड़ाखान से हल्द्वानी जा रही थी कार ग्राम मुरकुड़िया के पास गहरे खड्ड में जा गिरी थो । जिसमें कार चालक व गायक पप्पू कार्की की मौत हो ही थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, हल्द्वानी ने 18 अक्टूबर 2019 को मृतक की पत्नी कविता कार्की और अन्य आश्रितों के पक्ष में 90,01,776 रुपये का मुआवजा देने का फैसला सुनाया था, जिसे बीमा कंपनी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बीमा कंपनी के वकील ने तर्क दिया कि अधिकरण ने मृतक की आय की गणना के लिए उनकी मृत्यु के बाद की अवधि के आयकर रिटर्न पर विचार करके गलती की है।

# तीन युवतियों संग आपत्तिजनक हालत में पकड़ा युवक

## मोहल्ले में हंगामा मच गया, दोस्त के मकान में गुलछर्रे उड़ा रहा था युवक

**हल्द्वानी।** भोटिया पड़ाव क्षेत्र स्थित वेलेजली लॉज वार्ड-3 इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक को तीन लड़कियों के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। घटना बीते सोमवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बरेली निवासी वसीम का एक मकान भोटिया पड़ाव स्थित वेलेजली लॉज में भी है। जिस मकान की चाबी काठगोदाम निवासी तस्लीम उर्फ सोनू के पास थी। बीते सोमवार रात तस्लीम तीन लड़कियों को लेकर वसीम के बंद मकान में पहुंचा और ताला खोलकर अंदर चला गया। इलाके के लोगों ने उसे तीन लड़कियों के साथ घर में जाते देखा तो संदेह हुआ। थोड़ी ही देर में यह खबर पूरे इलाके में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए। रात लगभग 12 बजे भीड़ ने जबरन घर में प्रवेश किया और वहां का दृश्य देख कर हैरान रह गई। घर के अंदर युवक और तीनों लड़कियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। इस पर गुस्साई भीड़ ने तस्लीम को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही वार्ड-3 के पार्षद धर्मवीर और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को किसी तरह शांत कराया और तस्लीम को हिरासत में ले लिया। पार्षद धर्मवीर ने इस घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी तस्लीम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) धारा 64 के तहत मुक. दमा दर्ज किया है।

### इसी तरह गतिविधियों में संदिग्ध रहा वसीम का घर

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वसीम का घर हमेशा से संदिग्ध रहा है। यहां अकसर इसी तरह की गतिविधियां होती रहती हैं। लोगों ने कई बार इसका विरोध भी किया, लेकिन गतिविधियां नहीं रुकीं। सोमवार रात जब लोगों ने तस्लीम को तीन युवतियों के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा तो वह आगबबूला हो गए। बताया जा रहा है कि रात तकरीबन 12 बजे शुरू हुआ हंगामा काफी देर तक चलता। सुबह करीब 4 बजे कार्रवाई का भरोसा मिलने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

### दोस्त का घर बना अय्याशी का अड्डा

**हल्द्वानी।** क्षेत्र के आक्रोशित लोगों आरोप लगाया कि तस्लीम ने अपने दोस्त वसीम के घर को अय्याशी का अड्ढा बना रखा है। लेकिन लोग कभी रंगेहाथ उसे पकड़ नहीं पाए। बताया जा रहा कि 18 साल की जिन तीन लड़कियों को तस्लीम के साथ देखा गया, वह तीनों लोअर क्लास की है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## निशुल्क परीक्षण शिविर कल

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत गुरूवार 9 अक्टूबर को सुबह दस बजे सीआरसी नगर जेल रोड हल्द्वानी में दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क सहायता उपकरण परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।


**अदालती सूचना**

आज्ञा से-योगेश सिंह मेहरा, सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ऋषिकेश

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ऋषिकेश।**

वाद संख्या-04/2025 मौजा-भोगपुर तहसील ऋषिकेश, अर्न्तगत धारा-176 ज0वि0अधि0

श्री सत्य प्रकाश **बनाम** श्रीमती जयदेई आदि

**नोटिस**

1. श्री चेतन शर्मा पुत्र स्व0 श्री रोशनलाल निवासी-नियर हनुमान मन्दिर, मदर डेरी, पाण्डव नगर दिल्ली। 2. श्रीमती उमा देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम सहजाकट्टा तहसील कर्णप्रयाग जिला चमोली। 3. श्रीमती पिंकी पत्नी श्री जगदीश भट्ट, निवासी- खड़क बस्ती एन0डी0ए0 रोड जबल पुणे महाराष्ट्र।

चूंकि उपरोक्त वाद इस न्यायालय में आपके विरूद्ध अन्तर्गत धारा 176 ज0वि0अधि0 गतिमान है, जिसमें आप पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतएव इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वाद में अपना पक्ष रखे जाने हेतु दिनांक 24.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पैरवी करना सुनिश्चित करें। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 18 माह 07 सन 2025 को जारी किया गया।

(योगेश सिंह मेहरा)
सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ऋषिकेश।

**नाम परिवर्तन**

मैं, श्रीमती हिमती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री महेंद्र सिंह, निवासी ग्राम एवं पोस्ट झूमाखेत, जिला चमोली (उत्तराखंड) मेरे पति के सैन्य दस्तावेजों में भूलवश मेरा नाम HEMATI DEVI एवं जन्म तिथि 20/01/1955 अंकित हो गई है। जबकि अन्य दस्तावेजों में सही नाम HIMATI DEVI और जन्मतिथि 20/10/1954 है।

**बेदखली सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दीपक शर्मा व पुत्र वधु श्रीमती रतिकला पत्नी दीपक शर्मा मेरे कहने सुनने में नही है जिस कारण मेंने इन दोनो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी तरह का लेन देन व कृत्या के लिए वो दोनो स्वयं जिम्मेदार होगें।

श्रीमती अनिता शर्मा पत्नी स्व0 श्री जगन्नाथ शर्मा निवासी- बाबूनगर, भाग -2 जाखन,राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखण्ड।

**न्यायालय असिस्टेण्ट कलक्टर, नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

प्रकीर्ण रा०वा० संख्या- सन-2020

**वादीगण-** 1. श्रीमती दिलमा देवी पत्नी स्व० दलवीर दास, 2. सुमन दास पुत्र स्व० दलवीर दास व, 3. पवन कुमार पुत्र स्व० श्री दलवीर दास, तीनो निवासी ग्राम-डंडासली उत्तरी, पट्टी-मनियार, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** 1. भारतभूषण पुत्र स्व० जनार्दन प्रसाद, 2. महावीर प्रसाद पुत्र स्व० जनार्दन प्रसाद, 3. ओम प्रकाश पुत्र स्व० जनार्दन प्रसाद द्वारा प्रतिस्थापित उत्तराधिकारी, 3/1. विकास पुत्र स्व० ओम प्रकाश, 3/2. आशीष पुत्र स्व० ओम प्रकाश, 3/3. श्रीमती सुनीता पत्नी स्व० ओम प्रकाश, 4. ऋषिराम पुत्र स्व० जनार्दन प्रसाद, 5. पवन पुत्र स्व० श्रीराम, 6. श्रीमती बिमला देवी पत्नी स्व० श्रीराम, 7. लोकेन्द्र दत्त पुत्र स्व० राजेन्द्र प्रसाद, 8. श्रीमती कला देवी पत्नी स्व० राजेन्द्र प्रसाद, उपरोक्त सभी निवासी ग्राम-डंडासली उत्तरी (हड़म), पट्टी-मनियार, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल, 9. लोक निर्माण विभाग, द्वारा अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-चम्बा, जिला-टिहरी गढ़वाल, 10. सरकार उत्तराखण्ड, द्वारा कलक्टर, टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी, 11. ग्राम पंचायत-डंडासली द्वारा प्रधान, ग्राम पंचायत-डंडासली, पट्टी-मनियार, तहसील-टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

चूँकि प्रार्थी/वादीगण ने आपके विरूद्ध राजस्व वाद संख्या-28/2019-2020 श्रीमती दिलमा देवी व अन्य बनाम भारत भूषण व अन्य में इस न्यायालय द्वारा दिनांक 24-04-2023 को पारित अदम पैरवी में खारिजी के आदेश को अपास्त करने हेतु एक प्रार्थनापत्र धारा-151, व आदेश-09, नियम-04, सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सुनवायी हेतु दिन 03 माह 11 सन-2025 की तिथि नियत है, वादीगण के कथनानुसार जिन विपक्षीगण की मृत्यु हुई है उन में से कुछ विपक्षीगण के वारिसान के सम्बन्ध में उनको कोई जानकारी नहीं है।

एतद्वारा उक्त विपक्षीगण व उनके हितबद्ध व्यक्तियों व उत्तराधिकारियों को सूचित किया जाता है, कि यदि आपको प्रार्थीगण/वादीगण के इस प्रार्थनापत्र के बाबत कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप इस प्रार्थनापत्र में सुनवाई हेतु नियत तिथि दिन 03 माह 11 सन-2025 को समय 10:00 बजे दिन, इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से हाजिर आकर, प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा प्रार्थी/वादीगण के प्रार्थनापत्र की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में कर दी जायेगी।

अतः आज दिन 06 माह 10 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

आदेशानुसार
वाचक
असिस्टेण्ट कलक्टर
(प्रथम श्रेणी) टिहरी
टिहरी गढ़वाल



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे शीर्ष पहलवान

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तर रेलवे के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन आज सुबह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07 से 09 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय रेलवे के विभिन्न ज़ोन से आए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### मिमी रोड्स ऑर्डर ऑफ मेरिट के खिताब की तलाश में

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारत में प्रमुख लेडीज यूरोपियन टूर इवेंट के रूप में, हीरो महिला इंडियन ओपन एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है जहां वैश्विक प्रतिभाओं का भारतीय उत्कृष्टता से मिलन होता है - एक ऐसा मंच जो न केवल महिला गोल्फ का जश्न मनाता है, बल्कि अक्सर सीजन के भविष्य को आकार देने में भी निर्णायक साबित होता है। इस साल, सबकी नजरें इंग्लैंड की उभरती हुई स्टार मिमी रोड्स पर हैं, जो तीन जीत और प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट खिताब जीतने के मौके के साथ भारत पहुंच रही हैं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक शानदार प्रदर्शन पूरे सीजन के लीडरबोर्ड में शीर्ष पर उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है और एक शानदार साल का समापन कर सकता है।

### आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शॉटगन निशानेबाज एथेंस, ग्रीस में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 8 से 19 अक्टूबर तक ग्राजधानी के मालाकासा शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। कुल पांच पदक स्पर्धाएँ - पुरुष और महिला ट्रैप व स्कीट, साथ ही ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट-जो सभी ओलंपिक इवेंट हैं, सात दिनों तक चलेंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 अक्टूबर, 2025 से होगी। कुल 68 संघों के 406 खिलाड़ी 518 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें छह मौजूदा ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। भारत ने 12 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें एशियाई चैंपियंस-पुरुष स्कीट में अनंत जीत सिंह नरूका और महिला ट्रैप में नीरू धांडा - शामिल हैं। हाल ही में समाप्त शिमकेंट एशियन चैम्पियनशिप के पुरुष ट्रैप रजत पदक विजेता भवनीश व महिला ट्रैप कांस्य पदक विजेता आशिमा भी हैं।

# रैंकिंग में मंधाना टॉप पर कायम




● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा छठे नंबर पर खिसकीं**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की वीकली विमेंस रैंकिंग अपडेट हो चुकी है। भारत की लेफ्ट हैंडेड बैटर स्मृति मंधाना नंबर-1 बैटर बनी हुई हैं। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा भी छठे नंबर पर पहुंच गईं। टीमों में इंडिया विमेंस तीसरे नंबर पर बरकरार है। एश्ले गार्डनर टॉप-5 में पहुंचीं विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में शतक लगाने वालीं एश्ले गार्डनर को 7 स्थान का फायदा मिला। वे वनडे बैटर्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज भी 2 स्थान ऊपर उठकर चौथे पर पहुंच गईं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन 7 स्थान सुधरकर 6वें पर आ गईं।

भारत की स्मृति मंधाना नंबर-1, इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर ब्रंट दूसरे नंबर और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे नंबर पर कायम हैं। बैटर्स रैंकिंग में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वे 16वें नंबर पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा 17वें नंबर पर आईं। स्मृति मंधाना ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों पर शतक लगाया था। बॉलर्स में दीप्ति को नुकसान वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ, वे टॉप-5 से बाहर होकर छठे नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप ने उन्हें पीछे धकेला। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टन टॉप पर हैं। दूसरे से चौथे नंबर तक ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, मेगन शट और किम गार्थ हैं। विमेंस वनडे आलराउंडर्स रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप को एक स्थान का नुकसान हुआ। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, इस कारण वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर आ गईं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नंबर-1 और भारत की दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर कायम हैं। भारत की स्नेह राणा 12 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर जरूर आ गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर कायम हैं।

ऑस्ट्रेलिया टॉप टीम वनडे टीमों में ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर कायम हैं। टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, यह वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही अपडेट होगी। टी-20 टीम और प्लेयर्स रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। टी-20 में भी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ही टॉप-3 पोजिशन पर हैं।

# चीन की युआन ने हार का बदला लिया

● **विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने 2:21 मिनट में मैच जीता**

**वुहान, चीन।** चीन की युआन यू ने सोमवार को 2025 वुहान ओपन के अपने पहले मैच में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को दो टाइब्रेक सेटों में हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि वांग शिन्यू को जापान की उचिजिमा मोयुका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने दो घंटे 21 मिनट तक संघर्ष करते हुए ब्रोंजेटी को 7-6 (2), 7-6 (1) से हराया, जिसमें लंबी रैलियां भी शामिल थीं। युआन ने कहा कि यह वाकई एक रोमांचक मुकाबला था, दोनों सेट टाईब्रेक तक गए और हर अंक महत्वपूर्ण लगा। मुझे खुशी है कि मैंने आज रात महत्वपूर्ण क्षणों को अच्छी तरह से संभाला। यह जीत युआन के लिए खास थी, जो 2021 में इतालवी क्ले कोर्ट पर ब्रोंजेटी से 6-1, 6-1 से हार गई थीं।

युआन ने कहा कि उस समय मैं बुरी तरह हारी थी। आज रात मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे सचमुच पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने कितना सुधार किया है। युआन की अगली प्रतिद्वंद्वी इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी होंगी। सोमवार को ही, दुनिया की 91वें नंबर की खिलाड़ी मोयुका, जिन्होंने क्वालिफायर में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और चीन की वांग ज़ियू को हराया था।

● **आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड का ऐलान**

# अभिषेक शर्मा-कुलदीप यादव नामित हुए




**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितम्बर) अवार्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है।

इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं, कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितम्बर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी-20 मैचों में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्द्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पाइंट्स है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में 314 रन बनाए। कुलदीप यादव ने 17 विकेट लिए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप

● **जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी रेस में शामिल**

यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनामी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4-4 विकेट भी लिए। कुलदीप यादव ने एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए। ब्रायन के नाम 497 रन जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितम्बर में शानदार फार्म में रहे। टी-20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहले 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

# मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे विजाग स्टेडियम के स्टैंड

● **यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर बल्लेबाज रवि कल्पना के नाम पर विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड रखे जाएंगे। 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप का भारत का मैच होने से पहले इस स्टैंड का उद्घाटन होगा।

अगस्त में ब्रेकिंग द बाउंड्रीज चैट के दौरान भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने आंध्र प्रदेश के आईटी मिनिस्टर नारा लोकेश को सुझाव दिया था जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। एसीए ने अपने बयान में कहा कि मिताली राज और रवि कल्पना को समर्पित एसीए का यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी है। मंत्री लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना का विचार जनता की व्यापक भावना को दर्शाता है। उस सुझाव को तुरंत अमल में लाना हमारे सामूहिक संकल्प को दिखाता है। लैंगिक समानता के प्रति और महिला क्रिकेट की अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति। मिताली महिला क्रिकेट की दिग्गज़ों में से एक है जिनके नाम महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत के साथ 7805 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक शामिल रहे हैं। भारत के लिए खेले 89 टी-20 मैचों में उन्होंने 17 अर्द्धशतकों के साथ 2364 रन बनाए हैं।

# धोनी ने ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया



**चेन्नई, वार्ता।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता, गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के डीजीसीए-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिह्नित करती है। यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे

● **यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेस के साथ जुड़ाव को मजबूत करता है**

गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद, धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है।

यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं। गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है। धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा कि हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप हुए लाबुशेन रेनशॉ को मिला मौका

**मेलबर्न, वार्ता।** मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह क्वींसलैंड के साथी खिलाड़ी मैट रेनशॉ को फॉर्मेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

लाबुशेन का बाहर होना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली 10 वनडे पारियों में केवल 47 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया है। अगर मैथ्यू शॉर्ट, जो इस टीम में शामिल हैं, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले साइड स्ट्रेन के कारण बाहर नहीं होते तो शायद लाबुशेन तब भी नहीं खेलते। इस बार उनके बाहर होने का फायदा यह है कि वह शेफील्ड शील्ड में टेस्ट वापसी के लिए दबाव बना सकते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत तस्मानिया के खिलाफ 160 रन की पारी से की है। रेनशॉ को यह मौका उनकी लिस्ट-ए क्रिकेट में शानदार फॉर्म की बदौलत मिला है जिसमें डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। रेड-बॉल क्रिकेट में वह इस समय ओपनिंग कर रहे हैं और एशेज के लिए एक संभावित विकल्प भी हैं, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट में वह ज़्यादातर नंबर 3 या 4 पर खेलते रहे हैं। नवम्बर 2021 से अब तक उनका औसत 48-68 रहा है और सात करियर शतकों में से छह इसी दौरान आए हैं। वह ऊ20 क्रिकेट में भी प्रभावशाली मिडल-ऑर्डर बल्लेबाज बन चुके हैं। वह पहले भी 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। मिचेल स्टार्क, जिन्होंने पिछले नवम्बर के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है, भी टीम में लौट आए हैं। यह चयन उपलब्ध खिलाड़ियों में से एक पूर्ण शक्ति वाली टीम को दर्शाता है। एलेक्स केरी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलेंगे ताकि वह साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड का दूसरा राउंड खेल सकें।

# सभी प्रारूपों में मप्र की कप्तानी करेंगे रजत




**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार को 2025-26 घरेलू सीजन की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है, जो रणजी ट्रॉफी के साथ 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पाटीदार ने शुभम शर्मा की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित से मिली है। समझा जा रहा है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पाटीदार की हालिया सफलताओं के बाद उनके लिए एक बड़ी भूमिका चाहता था। 32 वर्षीय पाटीदार को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पहली बार कप्तान के रूप में आजमाया गया था जब उन्होंने पंडित से आईपीएल में रॉयल

● **पाटीदार ने शुभम की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक से मिली**

चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी तरह की संभावना पर बात की थी। उन्हें कप्तानी दी गई और उन्होंने एमपी को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम मुंबई से हार गई थी। पाटीदार ने इसके बाद आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया और हाल ही में उन्होंने सेंट्रल ज़ोन की कप्तानी करते हुए दलीप ट्रॉफी में 2014-15 के बाद पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। पिछले हफ्ते पाटीदार ने ईरानी कप में एक मजबूत रेस्ट ऑफ इंडिया टीम की कप्तानी की जिसमें ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी थे जो अपने राज्यों की कप्तानी करते हैं। हालांकि, टीम को विदर्भ के हाथों 93 रनों से हार झेलनी पड़ी। पाटीदार ने 2024-25 रणजी सीजन में 11 पारियों में 48-09 की औसत से 529 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। यह उस सीजन में एमपी के लिए शुभम शर्मा के 943 रनों (औसत 104-77) के बाद दूसरे सबसे ज़्यादा रन थे। इस सीजन में भी पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात पारियों में दो शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। उनका एक शतक दलीप ट्रॉफी के फाइनल में आया जिसने सेंट्रल ज़ोन को पहली पारी में बढ़त दिलाई और अंततः जीत दिलाई। पाटीदार ने इसके बाद ज़ोन पर छह विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। एमपी अपनी रणजी ट्रॉफी मुहिम की शुरुआत पंजाब के खिलाफ इंदौर में घरेलू मैच से करेगी। रणजी सीजन दो चरणों में खेला जाएगा। पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक होगी

# महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में ब्रिट्स करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स इस सप्ताह जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की छह विकेट की जीत में ब्रिट्स 101 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई। ब्रिट्स का यह शतक इस साल उनका पांचवां शतक है, जिससे यह किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाये गए अब तक के सबसे ज्यादा शतक हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर सात स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों में 697 रेटिंग अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में हो सकती है पंत की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 अक्टूबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में ऋषभ पंत एक्शन में वापसी कर सकते हैं।

इसके साथ ही वह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। यह उसी लाइन में है जैसा कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित करते समय संकेत दिया था। जुलाई के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पंत अब अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस हफ्ते के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फिटनेस टेस्ट से गुजरने वाले हैं। उनके पैर से तीन सप्ताह पहले प्लास्टर हट गया था और अब वह बिना किसी तकलीफ के चल-फिर रहे हैं।

पंत ने अपने पैर की मजबूती के लिए मोबिलिटी एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिंग ड्रिल्स शुरू कर दी हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी भी दोबारा शुरू कर दी है। यदि फिटनेस टेस्ट में उन्हें क्लियरेंस मिल जाती है, तो पंत के दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है, जो रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अनुसार, इस मैच के लिए पंत की उपलब्धता थोड़ी संदिग्ध है। पंत पिछले जुलाई से मैदान से बाहर हैं, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए अपने ही पैर पर गेंद मार ली थी। उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

हालांकि वह अगले दिन दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे, लेकिन विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। पंत ने उस सीरीज में चार टेस्ट में 479 रन बनाए थे, जिनमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को विकेटकीपर के रूप में चुना है। पंत ऑस्ट्रेलिया ए के 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे से भी बाहर रहेंगे क्योंकि उन्हें अभी तक सीओई से फिटनेस टू प्ले सर्टिफिकेट नहीं मिला है।

### हेनिल व खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को 135 पर समेटा

**मैकाय, वार्ता।** हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को पहली पारी में 135 रन पर समेट दिया। भारत अंडर 19 ने इसके जवाब में स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बनाकर नौ रन की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 की तरफ से एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया। हेनिल ने 21 रन पर तीन विकेट, खिलन ने 23 रन पर तीन विकेट और उद्धव मोहन ने 23 रन पर दो विकेट लिए। जवाब में भारत अंडर 19 ने स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बना लिए। भारतीय टीम ने 82 रन पर अपने छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन विहान ने 26 और हेनिल ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को संभाला और बढ़त दिलाई। वेदांत त्रिवेदी ने 25 और वैभव सूर्यवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। स्टंप्स के समय हेनिल के साथ दीपेश देवेन्द्रन छह रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से कैसी बार्टन ने तीन और विल बायरोम ने दो विकेट लिए।

## कलियर पुलिस ने किया निर्माणाधीन हाईवे से लूट का खुलासा

# दोस्त ही निकला लूट का मास्टरमाइंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** निर्माधिन हाईवे पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर किया है। आरोपियों के पास लूटी गई नगदी ओर जेवर भी बरामद कर लिए।लूट की वारदात को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि पीड़ित का ही दोस्त निकला।

थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि 30 सितंबर को विशांत सैनी निवासी कृष्णानगर रुड़की अपने दोस्त के साथ ड्यूटी के बाद बाईक से कलियर रोड होते हुए जा रहा था। जैसे ही वह बाजुहेड़ी गांव के पास निर्माधिन हाइवे पर पंहुचे तो उनको तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोककर तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए उनसे एप्पल आईफोन 15, सोने की चौन, अंगूठी, मोबाईल और नगदी लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस में मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों ,टेक्निकल सर्विलांस और मुखबिर की मदद से आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस को उसी के दोस्त सुनील कुमार पर शक हुआ। पुलिस ने सुनील कुमार को गिरफ्तार पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसने अपने साथी अंकुर



सैनी, कन्हैया और मनोज कुमार के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अंकुर ने बताया कि वह और विशांत सैनी एक ही कंपनी में काम करते थे। उसकी वहां से नोकरी छूट गई थी।उसे पता था कि विशांत सैनी गले मे सोने की चौन,हाथ मे सोने की अंगूठी और मंहगा मोबाईल रखता है।उसने सुनील कुमार को मुनाफा कमाने के लालच देकर उसे भी लूट की वारदात में शामिल कर लिया।पुलिस ने लूटा गया सभी सामान और घटना में इस्तेमाल किया तमंचा बरामद कर लिया है।पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार,अंकुर ,कन्हैया निवासीगण मेहवड खुर्द उर्फ नागल और मनोज कुमार निवासी कलियर को जेल भेज दिया गया है।पुलिस टीम थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार,एसएसआई बबलू चौहान, पुष्कर सिंह चौहान, सोनू कुमार, रबिन्द्र बालियान, जमशेद अली, राहुल चौहान, फुरकान अहमद, जितेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, विजयपाल सिंह, सचिन सिंह,चालक नीरज राणा, चमन सिंह, राहुल नेगी आदि शामिल रहे।

**❖अंकुर सैनी, कन्हैया व मनोज के साथ बनाई लूट की योजना, लूटी गई नकदी मोबाइल व जेवरात बरामद**

## पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ दिखने से लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी क्षेत्र में मंगलवार को पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने मगरमच्छ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। लोगों ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पुरानी गंगनहर लंबे समय से बंद पड़ी है। जिसके चलते उसमें घास-फूस उग गया है। यही वजह है कि यहां मगरमच्छों का बसेरा बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है। बल्कि आए दिन मगरमच्छ दिखाई देते रहते हैं। कई बार तो वे सड़क पर निकल आते हैं, जिससे राहगीरों और आसपास के निवासियों की जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने मांग की है कि नहर की नियमित सफाई कराई जाए और मगरमच्छों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनके प्राकृतिक स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। और प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और वन विभाग की टीम को सक्रिय करने की मांग की है।

## जबरदस्तपुर जौरासी पर लालू हत्याकांड

# दो और हत्या आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** लालू हत्याकांड में पुलिस ने दो और हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। कोर्ट की पेशी के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

रुड़की कोतवाली को जबरदस्तपुर निवासी अमजद ने तहरीर देकर बताया कि भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू के खेत में पशु अवशेष मिल रहे थे। इन अवशेषों के मिलने पर रजा कुरैशी निवासी जौरासी पक्ष के साथ भाई की कहासुनी होने लगी थी। आरोप है कि आठ जुलाई को रात के वक्त भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू अपने खेत से घर की ओर वापस आ रहा था। तभी रणसुरा रोड जौरासी पर रजा कुरैशी पक्ष के लोगों ने भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले की सूचना मिलने पर परिवार भी मौके पर पहुंचा था। जहां रजा कुरैशी पक्ष के लोगों ने परिवार से भी गाली-गलौज कर मारपीट की थी। मारपीट में भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू को गंभीर चोट लगी थी। जिनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां भाई मोहर्रम अली उर्फ लालू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने फरमान, आशु, अमजद, शोएब, आमिर, माजीद, आसिफ, अब्दुल्ला, नोमान, अनस, जैद, और रजा कुरैशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। रंजिश में हुई हत्या के बाद पुलिस ने जैद, अनस, माजिद और रजा निवासी गांव जौरासी जबरदस्तपुर को गिरफ्तार किया था। इंस्पेक्टर मनीष उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को आसिफ और शोएब कुरैशी निवासी जोरासी को गिरफ्तार किया है। जिनके घर पर कुर्की नोटिस भी चस्पा किया था। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार, कांस्टेबल अनिल शर्मा, भूपेंद्र रणवीर और विशु पवार शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगराध्यक्ष अभिषेक ने की नगर कार्यकारिणी की घोषणा

# आदर्श बने महामंत्री व मनोज मीडिया प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा ने प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल कंसल, जिला अध्यक्ष ललित जिंदल, जिला महामंत्री नितिन गोयल की उपस्थित में रुड़की नगर की की कार्यकारिणी की घोषणा की गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यकारिणी में महामंत्री आदर्श गुप्ता कोषाध्यक्ष सिविन सिंगल, उपाध्यक्ष संजयगर्ग, राजन गोयल पार्षद, कविस मित्तल, सुमित अग्रवाल, नितिन सिंगल को बनाया है। नगर मंत्री नितिन जिंदल, आशीष गर्ग एडवोकेट, नीरज अग्रवाल, अनिल मित्तल, निखिल तायल को बनाया है। मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी कुशाग्र गर्ग को बनाया है। सदस्य के रूप में आकाश जैन पार्षद, प्रशांत अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सार्थक गोयल, अनूप बंसल, ध्वज सिंगल, संजय गोयल, नितिन गोयल जिला महामंत्री, सागर गोयल जिला उपाध्यक्ष, दीपक मित्तल प्रदेश संरक्षक, रामगोपाल कंसल प्रदेश उपाध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी में स्थान दिया है।



मार्गदर्शक मंडल में सुरेश चंद जैन पूर्व विधायक, मयंक गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, ललित मोहन अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, को बनाया है। विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अंकित गर्ग, राम अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, आकाश गोयल, विकास गोयल, विशाल गोयल, हरसुल तायल, अमन गोयल, विनायक गुप्ता, हर्ष मांगलिक, गौरव अग्रवाल, चरव जैन, विकास सिंघल को स्थान दिया है।


वहीं दूसरी ओर आज बैठक में उपरोक्त सभी नगर कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा ने कहा कि जल्द ही महाराजा श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती का कार्यक्रम अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से नगर में आयोजित किया जाएगा।

# मांगों को लेकर सीएम से मिला भागीरथ सैनी सभा प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** महाराजा भागीरथ सैनी सभा के जिला अध्यक्ष बाबूराम सैनी के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार सभा के जिला अध्यक्ष बाबूराम सैनी सेठपुर ने कहा कि सैनी समाज के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दा को लेकर आज मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सोपते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना



और आश्वासन दिया कि यह समाज के लिए बहुत अच्छी पहल है और मुख्य धारा से समाज को जोड़ने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया । प्रतिनिधि मंडल में डायरेक्टर बिजेंदर सैनी सहित सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नलकूप के ट्रांसफार्मर से तेल व उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के मेहवड़ कलां गांव के जंगल में लगे सरकारी नलकूप के ट्रांसफार्मर को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर उसमें से तेल उपकरण चोरी कर लिए है। ऊर्जा निगम के अधिकारियो को घटना की जानकारी की। वहीं पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के मेंहवड़ कलां गांव के जंगल में लगे सरकारी नलकूप 144 के ट्रांसफार्मर को सोमवार की रात को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर उसमें से तेल कीमती उपकरण चोरी कर लिए है। सुबह जब किसान खेतों पर गए तो उन्होंने देखा नलकुप का ट्रांसफार्मर नीचे जमीन पर पड़ा हुआ है।ओर उसके उपकरण चोरी कर लिए है।उन्होने इसकी सूचना ऊर्जा निगम के अधिकारियों को दी गई।जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले को लेकर एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस का कड़ा एक्शन

# एक किलो अवैध चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा एक्शन करते हुए एक युवक को दबोचकर उसके पास से एक किलो नो ग्राम अवैध चरस बरामद की है पुलिस ने आरोपी खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री देवभूमि दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थ (अवैध शराब/ स्मैक/ चरस/गांजा/आदि) तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मैं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय हरिद्वार एवं श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रुड़की हरिद्वार महोदय की पर्यवेक्षण में श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली रुड़की हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में दौरान चेकिंग कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दिनांक 6.10.2025 को चौकिंग के दौरान निकट गंग नहर पटरी तिराहा कलियर को जाने वाली सड़क से एक अभियुक्त मय 'एक किलो नो ग्राम (01 किलो 9 ग्राम) अवैध चरस' के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से नाम पता पूछा तो अभियुक्त ने नाम रोहताश पुत्र सुभाष निवासी ग्राम जोरासी कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार बताया। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 363/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम-उपनिरीक्षक भजराम चौहान-कांस्टेबल सुरेंद्र लाल-कांस्टेबल नरेश जोशी शामिल रहे।

# आपराधिक मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार, कोतवाली लक्सर पुलिस को आपराधिक मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों की धरपकड़ में बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली लक्सर पुलिस ने एक वांछि को पकड लिया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई थीं। इसी क्रम में, उप-निरीक्षक दीपक चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 681/25 में वांछित चल रहे अभियुक्त शुभम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शुभम पुत्र सरेन्द्र उर्फ सुलेन्द्र, निवासी खेड़ी खुर्द, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार, उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 दीपक चौधरी -0कानि0 सौदीश कुमार राय हो0गा0 नीटू कुमार आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने आज न्यायालय से प्राप्त एक वारंट को तामील करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया है।लक्सर द्वारा न्यायालय की आदेशिकाओं को तामील करने के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। उप-निरीक्षक हरीश गैरोला के नेतृत्व में गठित इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम दाबकी कला से वांछित वारंटी को धर दबोचा।गिरफ्तार किए गए वारंटी की पहचान मंजीत पुत्र राजपाल, निवासी ग्राम दाबकी कला, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है।

# न्यायालय के आदेश पर तीन वारण्टी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक के द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा व अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मा0न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट की तामील कर 03 वारण्टीयो को अलग-अलग स्थान से वारंटियों के घर पर दबिश देकर वारंटीयो के घर से गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। नाम पता वारंटी 1.नीरज गोस्वामी पुत्र महेश गोस्वामी निवासी रहमतपुरथाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वारसम्ब0 मुकदमा अपराध संख्या 2706//23 धारा 138 है। 2. राम प्रकाश पुत्र रामचंद्र निवासी मकान नंबर 960 गली नंबर एक निकट चाचा चौक पर्वती कॉलोनी थाना सारन जिला फरीदाबाद हरियाणा संबंधित वाद संख्या 101/16 धारा 279 337304 आईपीसी है। 3. श्रीमती कौशर प्रवीण पत्नी जावेद निवासी जलालपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार मुकदमा अपराध संख्या 300/19 धारा 324/323/506 है। पुलिस टीम1. उप निरीक्षक आनंद मेरा 2.अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी 3.अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौड4.हेड कांस्टेबल 293 संदीप कुमार 5.महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत 6.कांस्टेबल अनूप कांस्टेबल 960 रणबीर शामिल रहे।

# आठ माह बाद भी नहीं लगा किशोर का सुराग

**खानपुर।** आठ महीने पहले घर से लापता किशोर का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। सोमवार को खानपुर थाना क्षेत्र के गिद्धावाली गांव निवासी प्रमोद और उनकी पत्नी सुनीता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मांगा उर्फ हरीश रायसी में एक हलवाई की दुकान पर काम करता था। तीन फरवरी 2025 को वह घर से दुकान पर जाने की बात कहकर निकला था। शाम तक भी घर नहीं आया। उन्होंने पुलिस को गांव के एक व्यक्ति पर उसका अपहरण करने का संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। उसका अब तक पता नहीं चल पाया है।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**लक्सर।** लक्सर-हरिद्वार हाईवे पर ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। गंभीर अवस्था में तीनों को पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया। वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के टिक्कमपुर गांव निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो अक्तूबर की रात को करीब एक बजे उसके पुत्र मोहित गांव निवासी अपने दो साथियों पंकज और मुनेश के साथ बाइक से मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव जा रहे थे। जब वह लक्सर - हरिद्वार हाईवे पर पहुंचे तो सामने से आ रहे एक ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। राहगीर और ग्रामीण मौके पर आ गए। घायल युवकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीण ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## नगर पालिका में भगवान वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई

# भगवान वाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलें : नीटू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई है जिसमें भारी भीड़ देखने को मिली। रवि बहादुर ज्वालापुर विधायक बालेश्वर सिंह कांग्रेस प्रदेश सचिव नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि नगर पालिका परिषद में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है उन्होंने कहा भगवान वाल्मीकि के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और किसी से भी नफरत नहीं करनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरा शहर वाल्मीकि जयंती हंसी खुशी मना रहा है और सभी को बाल्मीकि जयंती हर्षो खुशी से मनानी चाहिए किसी से भी नफरत ना करें मेरी ओर से बाल्मीकि जयंती की सभी को बधाई सचिन मित्तल भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि महर्षि भगवान वाल्मीकि रामायण के रचेता ने पहले ही बता दिया था कि एक दूसरे से मिलकर चलो किसी से नफरत ना करो उन्होंने कहा मेरी ओर से सभी बाल्मीकि जयंती मनाने वाले भक्तों को बहुत-बहुत बधाई पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राम



सिंह बाल्मीकि ने कहा कि हजारों साल पहले भगवान महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में सब कुछ लिख दिया था उन्होंने कहा सभी को महर्षि भगवान वाल्मीकि के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए आज भगवान वाल्मीकि की शोभायात्रा में भारी भीड़ दिखाई दी।

## भगवानपुर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

# बालेकी में मुकर्रम के घर से डेढ़ कुंतल नकली पनीर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र के एक गांव में छापेमारी करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 150 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद किया है पनीर की सप्लाई देहरादून हरिद्वार आदि क्षेत्रों में की जाती थी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पनीर के सैंपल लेकर बाकी पनीर को नष्ट कर दिया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि भगवानपुर क्षेत्र के वालेकी यूसुफपुर स्थित एक मुकर्रम पुत्र याकूब के घर में भारी मात्रा में पनीर को स्टोर किया गया है। टीम द्वारा सुबह 5:00 बजे उक्त मकान में छापेमारी की गई तो वहां करीब 150 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद हुआ। जानकारी लेने में पता लगा कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर क्षेत्र से मिलावटी पनीर को मंगवाकर वहां पर स्टोर किया गया था और यहां से पनीर हरिद्वार एवं देहरादून सप्लाई किया जाता था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पनीर का सैंपल लेने के साथ बाकी पनीर को नष्ट कर दिया है



और सैंपल को प्रयोगशाला भेजा गया है जिसके बाद कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप कुमार जैन,योगेंद्र पांडेय,पवन कुमार एवं कैलाश चंद्र आदि शामिल रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

## हटाए गए नामों का स्पष्टीकरण

मंगलवार को बिहार में विशेष गहन परीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग को गुरुवार तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को देने को कहा। उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई भी होगी। इस पर चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें किसी ने अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस तर्क से अदालत संतुष्ट होती दिखाई नहीं दी। पीठ का कहना था कि 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। कोर्ट का यह भी कहना था कि उसके आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है। कोर्ट का यह कहना भी बहुत कुछ कह जाता है कि अंतिम सूची में मतदाताओं में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह कहकर याद दिलाया कि ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 नाम हटाए। जबकि यह अदालत पहले ही कह चुकी है कि मृतक हैं या कहीं ओर चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है, लेकिन यदि किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 या एसओपी का पालन करें और हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अदालत ने यह भी कहा कि अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़ गए नाम नए मतदाताओं के हैं, हालांकि कुछ पुराने भी हैं। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 37 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई। जो पहले 7.89 करोड़ थी और यह विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ। हालांकि मसौदा सूची की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। इस पूरी कवायद से साफ है कि कभी एसआईआर का मामला उतनी पारदर्शिता के साथ सामने नहीं आ रहा है, जैसीकि अपेक्षा चुनाव आयोग ने की थी। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था जिनमें वे लोग शामिल थे, जो मर चुके थे या दूसरी जगह पर चले गए थे या जिनके नाम दो बार दर्ज थे। 9 तारीख को अदालत की सुनवाई में क्या तस्वीर सामने आती है यह तो तब ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह का तर्क-वितर्क एसआईआर को लेकर अदालत में व अदालत से बाहर चल रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। विपक्षी दल पहले ही बिहार में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं और यह क्रम अभी भी जारी है। चुनाव आयोग को समझना होगा कि भले ही उसके पास कितने ही विशेषाधिकार हों, वह जनता के बीच जवाबदेही से नहीं बच सकता और यह विशेषाधिकार भी उसके पास इसलिए हैं, क्योंकि उससे अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष काम करेगा।

## इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या



उप्र के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है, देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने, मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा, भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं।

**-राहुल गांधी, विपक्ष नेता, लोकसभा**

# समय आ गया है जब साम्राज्य अपने साए से ही डरने लगे



वाहिद नसीम

दुनिया की सरहदें कभी जमीन पर नहीं बनतीं वे विचारों के बीच बनती हैं और जब विचार बदलते हैं, तो साम्राज्य ढहते हैं। आज वही दृश्य फिर से इतिहास के कैनवास पर उभर रहा है। गजा और इसराइल के बीच की जंग अब किसी धार्मिक संघर्ष से आगे निकलकर भू-राजनीतिक पुनर्जन्म का संकेत बन गई है। कई लोग इस युद्ध को तबाही की निशानी मान रहे हैं, लेकिन शायद यह आने वाले दो-राष्ट्र समाधान की भूमिका है। ट्रंप, जो एक व्यापारी के रूप में राजनीति में उतरे, अब शतरंज के ऐसे मोहरे चल रहे हैं जिससे इसराइली लॉबी और वैश्विक बैंकिंग सिंडिकेट की नींद उड़ गई है। वो लॉबी जिसने डॉलर को ईश्वर और वॉल स्ट्रीट को उसका मंदिर बना दिया था कृ अब अपनी ही छाया से डरने लगी है। उधर ब्लादिमीर पुतिन, जो दशकों से भू-राजनीति के शतरंज पर चुपचाप चल रहे थे, शायद अब नेतन्याहू को यह भरोसा दे चुके हैं कि इरान इजराइल के लिए खतरा नहीं, बल्कि नई स्थिरता का आधार बन सकता है। अगर यह समीकरण सच है, तो मध्य-पूर्व में अस्थाई शांति का वह क्षण आ चुका है जिसे कई पीढ़ियों ने सिर्फ किताबों में देखा था। इजराइल को अब अरब देशों से पूर्ण मान्यता मिलना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक सुविचारित ऐतिहासिक आवश्यकता लगती है।

**चीन और अमेरिका**- दूसरी तरफ, चीन ने अमेरिका में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। जबकि सऊदी अरब और कतर पहले ही लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर के वादे कर चुके हैं। यह वही क्षण है, जब ट्रंप का नारा Make America Great Again अब किसी रैली का नारा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धड़कन बन गया है। इतना बड़ा पूंजी निवेश न केवल करोड़ों अमेरिकी नौकरियों को जन्म देगा, बल्कि पश्चिमी आर्थिक ढांचे को नया जीवन भी देगा। अब बात करते हैं यूक्रेन की इतनी शांति और आर्थिक पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि में, ट्रंप का NATO से बाहर निकलने का बयान सिर्फ धमकी नहीं एक संकेत है। संकेत इस बात का कि अमेरिका अब यूरोप की रूस-विरोधी महत्वाकांक्षाओं में दिलचस्पी नहीं रखेगा। यही कारण है कि यूक्रेन युद्ध के अंत की फुसफुसाहट अब राजनयिक गलियारों में सुनाई देने लगी है।

**ताइवान व चीन-बिना लड़े जीती हुई जंग**

ट्रंप के झुकाव और यूरोप की थकान के बीच, चीन की छठी पीढ़ी की रक्षा प्रणाली ने शायद बिना एक भी गोली चलाए जंग जीत ली है। ताइवान अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं रहेगा और यह बीजिंग की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत संभव हो चुकी है। अब आते हैं गोल्ड यानी सोने पुनर्जन्म पर, जब साम्राज्य थकने लगते हैं, तो धरती फिर से सोने की ओर लौटती है। आज दुनिया के सेंट्रल बैंक और अरबपति तेजी से सोना खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आने वाला समय पेपर करेंसी का नहीं, गोल्ड-बैक्ड करेंसी का होगा। सोने की कीमतों का असामान्य उछाल सिर्फ बाजार की प्रतिक्रिया नहीं यह विश्व मुद्रा प्रणाली के पुनर्लेखन की शुरुआत है।

**डॉलर साम्राज्य का डूबता सूरज**-इजराइली लॉबी, बैंकिंग सिंडिकेट और डॉलर के अदृश्य मालिक अब इतिहास के आखिरी अध्याय में पहुंच चुके हैं। उनकी पकड़ ढीली हो रही है और दुनिया नई करेंसी व्यवस्था स्वर्ण आधारित संतुलन की ओर बढ़ रही है। हर देश चाहता है कि उसके नागरिक आने वाले आर्थिक झटकों से सुरक्षित रहें और यही कारण है कि गोल्ड अब फिर से गॉड बनने जा रहा है।

**खेल अभी बाकी है**-इतिहास की घड़ी फिर से टिक-टिक कर रही है। पुराने साम्राज्य ढह रहे हैं, नई सभ्यताएं जन्म ले रही हैं और शायद, बहुत जल्द हम देखेंगे कि युद्धों से नहीं, बुद्धि और अर्थव्यवस्था की शांति से नया विश्व बनने की संभवन स्पष्ट होने लगी है।

## डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है



जब इतिहास थक जाता है, तो भविष्य उसकी जगह ले लेता है। आज वही क्षण है जब डॉलर का युग अपने अंत की आहट सुन रहा है और गोल्ड-बेस्ड डिजिटल करेंसी का नया अध्याय खुलने जा रहा है। दुनिया एक बार फिर उस दिशा में लौट रही है जहां धन का मूल्य कागज नहीं, धातु तय करती थी।

**डिजिटल गोल्ड नई सभ्यता का विश्वास कोड**

डिजिटल गोल्ड को समझना आसान नहीं, क्योंकि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं विश्वास का पुनर्निर्माण होगा। केंद्रीय बैंक अब धीरे-धीरे अपने भंडार में भौतिक सोने को जोड़ रहे हैं, लेकिन अगला कदम उससे भी बड़ा होगी

**सोने को ब्लॉकचेन पर टोकनाइज करना**

इसका अर्थ यह है कि हर ग्राम सोना अब डिजिटल रूप में, एक सुरक्षित कोड के रूप में, वैश्विक लेन-देन का आधार बनेगा और यही वह बिंदु है जहां केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) और गोल्ड-बैक्ड टोकन मिलकर एक नई आर्थिक सभ्यता रचने की ओर बढ़ चले हैं।

**रूस, चीन और अरब ब्लॉक नई मुद्रा की धुरी होंगे**

रूस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह BRICS बैंकिंग नेटवर्क को सोने आधारित ट्रेडिंग सिस्टम से जोड़ना चाहता है। चीन ने युआन को गोल्ड-बैक्ड क्लियरिंग करेंसी में बदलने की योजना शुरू कर दी है और सऊदी अरब तेल सौदों में अब डॉलर के बजाय युआन और स्वर्ण दोनों को स्वीकार कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि पेट्रोडॉलर पेट्रोगोल्ड में बदल रहा है। मध्य पूर्व, जिसे कभी अमेरिका ने सिर्फ तेल का कुआं समझा था, अब विश्व आर्थिक पुनर्संतुलन का केंद्र बन चुका है। रियाद, दोहा, अबू धाबी और तेहरान ये चारों शहर मिलकर वो नींव डाल रहे हैं जिस पर नई करेंसी व्यवस्था खड़ी होगी।

**अमेरिका और यूरोप**- ट्रंप भले ही निवेश और नौकरियों की भाषा बोल रहे हों, लेकिन वॉल स्ट्रीट के गलियारों में डर है, क्योंकि गोल्ड-बेस्ड सिस्टम का अर्थ है कि बैंकिंग का अदृश्य नियंत्रण खत्म। क्योंकि अब मुद्रा का मूल्य किसी फेडरल रिजर्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि सोने के वास्तविक भंडार पर निर्भर करेगा। यही कारण है कि डॉलर की अदृश्य सत्ता जो दशकों तक दुनिया की सांसों को नियंत्रित करती रही अब ढलते सूरज की तरह लाल पड़ने लगी है।

**भारत-चौराहे पर खड़ा है**- भारत, जो कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, यह अलग बात है कि सोना मसाले निर्यात से प्राप्त होता था। अब इस नए समीकरण का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है। अपितु भारत को निर्यात के लिए नए उत्पाद की खोज करनी होगी। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व तो है, मगर यहां अधिकतर गोल्ड जनता के पास है, यहां की सभ्यता में सोना एक अति आवश्यक पात्र बना हुआ है जो हर रीति रिवाज त्योहार धर्म अधर्म सब के बीच अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। रिजर्व बैंक ने गोल्ड-बैक्ड डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कोई कदम उठाएगा तो भारतीय सभ्यता छुपाने का चलन बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न करेगा। अभी भी अगर अपनी नई दासवाद की नीति को समाज वाद से जोड़ ले तो रुपया BRICS ब्लॉक की स्थिर मुद्रा बन सकता है। भारत का पारंपरिक स्वर्ण-प्रेम अब आर्थिक शक्ति में बदलने का समय आ चुका है। सिर्फ नीतियों में जागृति की जरूरत होगी है। कुछ अर्थ दार्शनिक तलाशने होंगे।

**डिजिटल गोल्ड बनाम क्रिप्टो एक बड़ा भ्रम**

कुछ लोग डिजिटल गोल्ड को क्रिप्टोकरेंसी समझने की भूल कर रहे हैं, लेकिन दोनों में फर्क वही है जो मूल्य और कल्पना में होता है। क्रिप्टो एक अदृश्य मूल्य की कल्पना है, जबकि डिजिटल गोल्ड वास्तविक संपत्ति का डिजिटलीकरण है। एक हवा पर चलता है, दूसरा जमीन पर खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ अर्थशास्त्र नहीं, सभ्यता का पुनर्लेखन है, क्योंकि जब मुद्रा बदलती है, तो समाज का चरित्र बदलता है। विश्वास अब नोट पर नहीं लिखा जाएगा वह कोड में एन्क्रिप्ट होगा। सवाल यह नहीं कि कौन-सी करेंसी चलेगी, सवाल यह है कौन इसे नियंत्रित करेगा। अगर यह नियंत्रण फिर से कुछ चुनिंदा देशों या टेक-कार्टेल्स के हाथ में चला गया, तो डिजिटल गोल्ड भी एक नया साम्राज्य बन जाएगा, लेकिन अगर इसका नियंत्रण पारदर्शी और बहु-राष्ट्रीय ढांचे में हुआ तो दुनिया पहली बार न्यायपूर्ण मुद्रा प्रणाली का स्वाद चखेगी। सोना सिर्फ धातु नहीं, यह सभ्यताओं की याददाश्त है। यह हमें याद दिलाता है कि धन तभी स्थाई है, जब वह धरती से जुड़ा हो। शायद आने वाले वर्षों में जब डॉलर की जगह गोल्ड टोकन या BRICS Coin लेगा, तो इतिहास फिर से वह कहेगा सभ्यताएं लौट आती हैं, बस उनका स्वरूप बदल जाता है। खेल अभी बाकी है पश्चिम का Debt Empire अब अपने ही बोझ से गिरने लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की आर्थिक स्थिति में हो रही उथल-पुथल को पूरी तरह से रेखांकित करने के साथ भविष्य भी समझा रहे हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्लानिंगः किसकी शह पर यह कांड कराया गया



पुष्प रंजन

बार से सस्पेंडेड वकील राकेश किशोर ने कहा मैंने परमात्मा के आदेश का पालन किया। CJI को जूते मारने का कोई पछतावा नहीं। परमात्मा मुझसे यही कराना चाहता था। इसके लिए कोर्ट या बार से माफी नहीं मांगेंगे। अब आप पता करते रहिए, यह परमात्मा रायसीना हिल के किसी आलीशान-अभेद कार्यालय में विराजमान है या लोक कल्याण मार्ग की किसी कोठी में? परमात्मा है, तभी इस भटकती आत्मा में हिम्मत आई और इतना बड़ा काण्ड कर बैठा। परमात्मा जी मिलें कभी, तो मैं भी पूछूं कि क्या आप इससे भी नीचे गिर सकते हैं? 71 साल का वकील राकेश किशोर, 2009 में दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) में प्रैक्टिस के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। मान्यवर, मयूर विहार फेज 1 में रहते हैं। राकेश किशोर ने यदि भूल से भी परमात्मा के बारे में मुंह खोला, उनके प्राण पखेरू मुक्त कर दिए जाएंगे।

**जूता फेंकने की वजह**-यह घटना मध्य प्रदेश के खजुराहो परिसर में क्षतिग्रस्त विष्णु प्रतिमा की पुनःस्थापना से जुड़ी याचिका के सिलसिले में हुई थी। 16 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के लिए याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया।

**चीफ जस्टिस गवई ने क्या कहा था?**

चीफ जस्टिस गवई ने कहा था, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है। जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए। इस टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की थी और सोशल मीडिया पर भी इस पर व्यापक बहस हुई।

क्या जस्टिस गवई की छवि एंटी हिन्दू बनाई जा रही है? पिछले हफ्ते ही भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की मां कमलताई गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में होने वाले संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आरोपों और बदनामी के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने का फैसला किया। कमलताई गवई ने यह बात एक खुले पत्र में बताई। 5 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट नहीं बनेंगी। कमलताई गवई ने पत्र में आगे लिखा कि जैसे ही कार्यक्रम की खबर प्रकाशित हुई, कई लोगों ने न केवल मेरी बल्कि स्वर्गीय दादासाहेब गवई उनके पति, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की भी आलोचना और आरोप लगाना शुरू कर दिया। हमने डॉ. बीआर आंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अपना जीवन जिया है, जबकि दादासाहेब गवई ने अपना जीवन आंबेडकरवादी आंदोलन को समर्पित कर दिया था। अलग विचारधारा के मंच पर अपनी विचारधारा साझा करना भी जरूरी है, जिसके लिए साहस की जरूरत होती है।

**दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चुप्पी**

अगले महीने 23 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई अवकाश ग्रहण करेंगे। इतना वक्त इज्जत-प्रतिष्ठा से काटना मुश्किल हो रहा है। सबसे दुखद है, इस पूरे प्रकरण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुप रहना। अफसोस के एक शब्द नहीं और जिस रंग-बिल्ला की शह पर इस तरह की गुंडई हो रही है, वो क्यों भला कुछ बोले?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# त्योहारों के मौसम में रखें सेहत का खास ख्याल



शहनाज हुसैन



त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है त्यौहारों का मौसम जश्न मनाने और दावतों का समय होता है इन दिनों में जायके के शौकीन लोग कई तरह के लजीज पकवान और मिठाईयां जमकर खाते हैं, जिसका असर सीधा सेहत पर पड़ता है। फेस्टिव सीजन आते ही हर घर में मिठाइयों, तले-भुने पकवानों और भारी भोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस फेस्टिव ट्रीट में जिन मिठाईयों और खाने के आइटम्स परोसे जाते हैं उनमें चीनी और फैट अधिक मात्रा में होती है। जिससे हमें भूख अधिक लगती है और अधिक खाने से पाचन तन्त्र गड़बड़ा जाता है जिसके सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है।

त्योहारों के दौरान घर की साफ सफाई, मेहमानों की आवभगत की तैयारियों और भाग दौड़ की बजह से अक्सर हम समय पर भोजन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अधिक तेल। मसाले वाला भोजन और मिठाइयों का ज्यादा सेवन गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों का कारण बनता है। मेरा मानना है कि त्योहारों में जमकर खाने का लुफ्त उठाने के साथ साथ ही पेट और सेहत का ध्यान रखने के लिए थोड़ी सावधानी और समझदारी बेहद जरूरी है त्योहारों में स्वाद और खुशियों के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता देना जरूरी है।

**खानपान**

त्योहारों के दिनों में लोगों को सेहत का सन्तुलन बनाए रखने के लिए माइंडफुल ईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। बीमारियों को दूर करने के लिए खानपान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है।

त्योहारों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां देखकर अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं। त्योहारों में नमकीन, बिस्किट, समोसे कचौड़ी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे ज्यादा मैदे का उपयोग किया जाता है। जिसमें ट्रांस फैट अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। लड्डू, गुलाब जामुन, गुजिया और नमकीन पकोड़े जैसे स्वादिष्ट पकवानों में चीनी, तेल और कैलोरी की मात्रा अधिक होती रोजाना ज्यादा मीठा या तली-भुनी चीजें खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल भी प्रभावित हो सकता है। मिठाइयों में उपयोग किया जाने वाले तेल और मावे की बजह से हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ज्यादा शुगर खाने से धामनिया संकुचित होने लगती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। इसलिए फेस्टिव सीजन में सीमित मात्रा में ही मिठाइयों का सेवन करें। मेरा सुझाव है की आप मिठाइयों की जगह ड्राई फ्रूट्स, खजूर या गुड़ से बनी चीजों को प्राथमिकता दें। खास तौर पर बाजार में तैयार खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बाजार से मिठाई खरीदने की जगह नारियल की बर्फी आदि मिठाइयों को आप आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें। फल, सलाद और साबुत अनाज जैसे विकल्प पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त भोजन आपके पाचन तंत्र में पानी को बनाए रखता है जिससे भोजन को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। मेरी सलाह है कि प्लेट में उतना ही लें जितना भूख हो, और छोटे-छोटे हिस्सों में बार-बार खाएं। त्योहारों में खाने की विविधता भले ही आकर्षक हो लेकिन ओवरईटिंग से बचना सबसे जरूरी।

**मिठाइयों को सीमित मात्रा में लें**

त्योहारों में मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए क्योंकि उनमें चीनी, कैलोरी और फैट अधिक होता है, जिससे वजन बढ़ना, डायबिटीज, और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा होता है। मिठाई, नमकीन, मसालेदार और तले हुए खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना तो मुश्किल है, लेकिन इनकी मात्रा को सीमित करने से डाइट को मैनेज करने में मदद मिलती हे। ध्यान रखें कि आप कितना खा रहे हैं।

**गुड़, शहद या फलों का प्राकृतिक मीठापन चुनें**

त्योहारों में मिठाइयों के साथ-साथ कई नमकीन पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसको देखकर हम अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाते और काफी मात्रा में इसका सेवन कर लेते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्याए, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े कई बीमारियों के होने का जोखिम रहता है।

**व्यायाम**

त्योहारों में नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से वजन नियंत्रण में रहता है, मूड बेहतर होता है मानसिक तनाव कम होता है। आप रोजाना कुछ मिनट टहलकरए घर पर हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग करके या सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर सक्रिय रह सकते हैं। इस तरह आप त्योहारी मौसम के दौरान भी स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करें। व्यायाम हमारे शरीर और मन को प्रकृति की बदलती लय के अनुकूल बनाने में मदद करता है। यदि आप दशहरा और दिवाली के त्योहारों के दौरान योग का अभ्यास जारी रखते हैं, तो आपको अधिक आत्मविश्वास और शालीनता से घूमने।फिरने के लिए ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। अपनी दिनचर्या में नियमित वृक्षासन, ताड़ासन और भुजंगासन को शामिल करें। यह योग वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**हाइड्रेटेड रहें**-दिन की शुरुआत पानी से करें त्योहारों के सीजन में लोगों की दौड़-धूप बहुत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अपने दिन की शुरुआत एक बड़े गिलास निम्बू पानी से करें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा, कोशिकाएं हाइड्रेट होंगी और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। पानी पाचन तंत्र को साफ रखता है और एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है। पानी की कमी से आप दिन भर की भाग दौड़ नहीं कर सकेंगे क्योंकि इससे रक्त चाप बढ़ सकता है और आपका शरीर थका-थका महसूस करेगा। अपने आहार में तरबूज, खीरा, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ न सिर्फ हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि जरूरी विटामिन और खनिज भी प्रदान करते हैं। फल और सब्जियां आपको कम कैलोरी देती हैं इन्हें स्नैक्स में शामिल कर आप कम वसा का सेवन करने में सफल हो सकते हैं। दावतों के दौरान भारी और तैलीय व्यंजनों के साथ सलाद या फलों की थाली का संतुलन बनाएं। ये खाद्य पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं, बल्कि आवश्यक विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। अपने साथ पानी की 1 बोतल रखें और हर आधे घंटे में पानी पीते रहें।

(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक अपने लोगों पर बम गिराता है: भारत

**वाशिंगटन।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।

हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। हरीश ने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी



अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। पाकिस्तान की खबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में पाकिस्तानी सेना ने 22 सितम्बर को बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाइजीरियाई नागरिक, अपेह नन्ना मालाची को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार साल से भारत में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से उसे उसके देश निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राम कुमार की अगुवाई वाली टीम अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय थी। 3 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार और एएसआई धर्मेंद्र को सूचना मिली कि नांगल राया, वसंतकुंज साउथ में एक नाइजीरियाई नागरिक किराए का मकान तलाश रहा है।

# पाक ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई विरोध में, सीक्रेट सौदे से देश के हालात बिगड़ेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है।

इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तान सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गेनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख



■ इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है
■ USSM ने इसे पाक व अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया

वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। पीटीआई ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। पीटीआई के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि उसका सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कापर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका।** उत्तरी ज़ाम्बिया के शिवांगंडु जिले में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे। अधिकारी ने फेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहां पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है।

### मेडागास्कर के राष्ट्रपति ने नए पीएम की नियुक्ति की

**एंटानानारिवा।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोलिना ने रुफिन फोर्टुनैट डिम्बिसोआ ज़ाफिसाम्बो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। यह नियुक्ति व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार के भंग होने के एक सप्ताह बाद की गई थी। राजोलिना ने कहा कि नए प्रधानमंत्री को 'व्यवस्था बहाल करने और लोगों का विश्वास फिर से हासिल करने में सक्षम' होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य कार्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और देश की प्रमुख प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना होगा।

### सूडान: आरएसएफ के तोपखाने हमले में 13 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूहों ने यह जानकारी दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है।

# गाजा जंग के 2 साल: 80 फीसद इमारतें और 40% स्कूल तबाह

## 65 हजार से ज्यादा मौतें, मृतकों में 18 हजार बच्चे शामिल

**गाजा।** हमास के हमले से शुरू हुए गाजा युद्ध के आज दो साल पूरे हो गए हैं। लगातार बमबारी और जमीनी सैन्य कार्रवाई ने गाजा पट्टी को मलबे के ढेर में बदल दिया है। यूएन की सैटेलाइट रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करीब 90 प्रतिशत स्कूल खंडहर बन चुके हैं और 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली, न इलाज। गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में घुसपैठ की और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया। जवाब में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत जंग का ऐलान किया और हमास पर हमले शुरू कर दिए। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' (सैलाब जैसा जवाबी हमला) का नाम दिया, जबकि इजरायल ने इसे 'सिमचत तोराह वार' (यहूदी लोगों का एक त्योहार) कहा। 2 साल में 90 प्रतिशत लोग बेघर हुए गाजा के 23 लाख लोगों में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हैं। उत्तर और दक्षिण गाजा से भगाए गए लाखों लोग अब टेंटों में बिना पानी, बिजली और दवा के दिन गुजार रहे हैं। गाजा पट्टी का करीब 80 प्रतिशत इलाका मिलिट्री जोन में है, जहां आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। यूएन एजेंसियों के अनुसार आधे से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं।



■ गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है, वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली

अब तक 66158 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, इनमें 18430 बच्चे (लगभग 31 प्रतिशत) शामिल हैं। गाजा में करीब 39384 बच्चे सूचि ब) हैं जिनके माता या पिता में से कोई एक मारा गया है। वहीं, 17000 फलस्तीनी बच्चे माता-पिता दोनों खो चुके हैं। राहत एजेंसियां कहती हैं- यह अब शहर नहीं, जिंदा बचे लोगों का कैंप मात्र है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में 5 साल से कम उम्र के 43,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

गाजा में करीब 54 मिलियन टन मलबा, इसे हटाने में 10 साल लगेंगे पिछले 2 साल से लगातार इजरायली बमबारी के बाद गाजा अब एक मलबे का शहर बन गया है। यूएन रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें तबाह हो गई हैं। जिनमें से आधी से ज्यादा पूरी तरह ढह गई। इससे करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायली सेना के हमलों में तबाह हुई इमारतों का करीब 54 मिलियन टन से ज्यादा मलबा जमा है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये लगेंगे। इजरायल ने एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और 4 सैन्य कारिडोर बना दिए हैं।

## गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका, बीते दो साल में इजरायल को करीब 21.7 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे चुका है। इसमें बाइडन प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन द्वारा दी गई मदद शामिल है। हमास के इजरायल पर हमले और गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई को दो साल पूरे हो चुके हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। जिसके बाद संघर्ष की शुरुआत हुई और यह अभी भी जारी है। ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा प्रकाशित 'कास्ट्स ऑफ वार' (युद्ध की लागत) नामक एक अध्ययन में ये भी कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले दो सालों में पश्चिम एशिया में सुरक्षा सहायता और विभिन्न अभियानों पर करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च की है।

# मैंने जो कहा, वह बहुत असरदार था, वे रुक गए: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चले संघर्ष को रुकवाने का दावा किया है। इतना ही नहीं ट्रम्प एक बार फिर से टैरिफ को हथियार बताने से भी नहीं चूके।



उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को रोकने में टैरिफ (आयात शुल्क) का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया। जो उन्होंने कहा था, वह बहुत असरदार साबित हुआ। ओवल आफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम टैरिफ की वजह से शांति-रक्षक हैं। हम सैकड़ों अरब डॉलर कमाते हैं, लेकिन साथ ही टैरिफ के कारण हम युद्ध रोकने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता, तो आज भी चार युद्ध चल रहे होते। ट्रम्प ने कहा कि मैं युद्ध रोकने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार थे। सात विमान गिराए गए थे। वे लड़ाई के लिए

■ ट्रम्प ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा

तैयार थे। दोनों ही परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता कि मैंने क्या कहा था, लेकिन जो मैंने कहा वह बहुत प्रभावी था। वे रुक भी गए। यह टैरिफ और व्यापार पर आधारित था। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।





**लंदन। इजरायल-हमास युद्ध की वर्षगांठ पर गाजा में मारे गए लोगों के लिए संसद स्कवायर में मुखौटा पहनकर जुलूस निकालते फलस्तीन समर्थक।**

## बलूचिस्तान सीमा के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान की सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ। यह ट्रेन क्वेटा जा रही थी, तभी पटरियों पर लगाए गए विस्फोटक में धमाका हो गया। धमाके की वजह से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, कई यात्री घायल हुए हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग घायल या हताहत हुए हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं, घायलों का इलाज किया जा रहा है और अधिक. री हमले की जांच में जुटे हैं। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है।

## ट्रम्प को पुतिन की चेतावनी, यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने से हमारे संबंध खराब होंगे

**मास्को।** वैश्विक ताकतों के टकराव और लंबे समय से जारी संघर्षों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की टामहाक मिसाइलों की आपूर्ति की तो वाशिंगटन और मास्को के बीच संबंधों खराब हो जाएंगे। सितम्बर के अंत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि व्हाइट हाउस कीव को टामहाक मिसाइलें देने पर विचार कर रहा। एक मिसाइल की कीमत 11.44 करोड़ रुपये है। इनकी मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है, जिससे ये मिसा. इलें मास्को और उसके बाहर भी हमला कर सकेंगी।

# बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने के लिए जंगी जहाज तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वार शिप और गश्ती हेलिकाप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के शामलापुर गांव में मछुआरे मछलियां पकड़ते हुए। हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश

■ हेलिकाप्टर से निगरानी भी हो रही, प्रजनन के समय अवैध शिकार रोकने की कवायद तेज

मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपये) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोल. काता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली की स्टाक कम हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टाक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए।

# ब्रिटेन से 40 हजार आईफोन चुराकर चीन भेजे

## गिरोह लंदन में फोन चोरी के 40 प्रतिशत मामलों में शामिल, एक भारतीय समेत 18 लोग गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पिछले साल 40000 चोरी किए गए मोबाइल फोन ब्रिटेन से चीन तक भेजे। मेट्रोपालिटन पुलिस का कहना है कि यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है।

इसमें 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में 2 अफगानी और एक भारतीय नागरिक की पहचान हुई है। पुलिस का दावा है कि यही गिरोह लंदन में चोरी हुए कुल फोन में से करीब 50 प्रतिशत



■ यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है, 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद

को विदेश भेजने के लिए जिम्मेदार था। फोन लेकर भागते चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 9 सितम्बर की है। यह जांच तब शुरू हुई जब पिछले साल क्रिसमस पर एक पीड़ित ने अपने चोरी हुए आईफोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन हीथ्रो एयरपोर्ट के पास एक गोदाम में मिली। वहां सुरक्षाकर्मियों ने जब जांच की, तो फोन एक डिब्बे में मिला जिसमें 894 और फोन थे। जांच में पता चला कि लगभग सभी फोन चोरी किए गए थे और उन्हें हान्गकान्ग भेजा जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आगे की खोज रोक दी और फोरेंसिक जांच से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस को पता चला कि ये कार में पन्नी में लपेटकर फोन की तस्करी करते थे ताकि चोरी को सामान पकड़ा न जाए। दोनों आरोपी 30 साल के अफगान नागरिक हैं। उन पर चोरी का माल रखने और आपराधिक संपत्ति छिपाने की साजिश का आरो. प है। तस्करी के गिरोह में एक 29 साल का भारतीय नागरिक भी शामिल है। दो अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कार में कई फोन मिले, जिनमें से कुछ पन्नी में लिपटे हुए थे। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क गेविन के मुताबिक, यह गिरोह लंदन में चोरी हुए फोनों को विदेश भेजने में शामिल था। गेविन ने कहा कि लंदन में फोन चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 28609 फोन चोरी हुए थे, जो 2024 में बढ़कर 80588 हो गए। यानी चार साल में यह संख्या लगभग तीन गुना हो गई।

# फिजिक्स का नोबेल तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को

**स्काटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जान क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जान मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है।

क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिसाब से यह असंभव होना चाहिए। आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई

■ मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग के लिए मिला, चिकित्सा, अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में फायदा होगा

गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं। आम जिंदगी में गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में यह दीवार के पार चली जाती है। रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108